To proceed with my argument, it is irrelevant or unnecessary for developing my argument to show what the proportion of the males to the females in the different age groups is. I want here to show that in different tracts differnt conditions prevail and would have to be provided for as has been done in the prevailing Hindu law through the different schools and through the *achar*. This is a case where it is absolutely necessary that variety must be provided for and it can be done only by allowing customs, customs which are ancient and are governed by public morality.

I conclude with this observation, that this amendment is entirely unnecessary. Sub-clause (a) is undesirable and sub-clause (b) is unnecessary. Therefore, this clause should be entirely dropped and the amendment disallowed.

Dr. C. D. Pande (Uttar Pradesh): I rise to speak in favour of omitting the clause which seeks to abrogate the validity of customary law. I think this clause enlarges the scope of the Hindu Code. Let me go briefly into the genesis of the Hindu Code Bill. What was the necessity of this Bill? If you know the background you will know how absurd it is to maintain this clause in this Code. The genesis of the Hindu Code Bill is that there was a constant demand, and there was a feeling in the minds of the leaders of the Hindu society, that there must be a law to be in conformity with the civilised concept of human society. There are only two things for which a case has been made out conclusively, and we stand for them: one is acceptance of monogamy, imperatively and without exception; the other thing is that those who seek divorce in certain cases of hardship should be able to get it, that there should be no difficulty in that process of separation, annulment or divorce. These are the only two things for which a case has been made out and I do not see if any similar case has been made out for the abrogation of the validity of customary law. Have you ever heard of a single representation or of a single meeting of the people who are governed by customary law, that this law should be changed, that it should be brought in conformity with the strict law of Manu? Or, have you heard that they are tired of their customary law and they want to come within the orbit of Manu's law? No; I have not heard of one single representation, or of one single meeting, either in the Press or on the platform, demanding that. There has been a constant demand for improvement in the law as far as monogamy goes, and also as far as divorce goes. People say there is a slur on our name in foreign countries. Well, that may be so; for that we have now accepted the principle of monogamy and of divorce. But I do not like that in the garb of making changes in the Hindu law you should introduce things which are absolutely detrimental to the interest of more than 80 per cent. of the people of this land. If you analyse the population of this country, how many people, will you find, governed by Manu's law? Only a handful of Brahmans, Kshatriyas and Vaishyas. But even they are governed by local laws as well and local laws have got an overriding position over Hindu law. Hindu law was originally not a textual law but a customary law and it was codified by Manu, Yajnavalkya and others in course of time.

Difficulty was experienced by the Legislatures of India in the course of the last 100 years in these matters. And they made certain laws about

[Dr. C. D. Pande]

specific drawbacks which were thus removed. Now the demand has arisen for change with respect to monogamy and divorce. We concede it, but how do you presume that there is a desire for change so far as customary law is concerned? What is customary law? It is a natural law, it is a dynamic law, it is a growing law, it has got the force of the needs of the time; if you do not allow that growth, that dynamic character in the society you will become rigid, you will be doing harm to the Hindu society just as Manu's law has done harm, according to you, in the course of the last 3,000 years. Do you want that this should be perpetrated in the vast sections of the society which is not governed by that law? This House stands for the principles of monogamy and divorce. Now in the progressive age you want to create hardships in the matter of those very things in respect of which you want to give facilities? It is absolutely inconceivable to me that you desire to do so. It will be a retrograde step.

11 A.M.

There is another reason for customary law being maintained. It will be impossible for the State to maintain adequate number of judicial officers and magistrates to deal with cases of divorce or judicial separation. (*An Hon. Member*: Government have enough money.) They do not have enough money even to maintain magistrates to try ordinary cases, which are pending for several months together. You have no idea as to how many more magistrates will be needed. Even if you have money, and you are bent upon doing it, do you know the hardship involved? The cost may be ignored, but the hardship cannot be ignored, because in this country unfortunately whenever a citizen comes into contact with Government machinery he is subjected to vexations at every step. I myself have been a functionary of the Government and I have a clear idea of these things. I had some influence, but if I were an ordinary non-official and I went to a court of law, I know how much attention I would receive. An ordinary citizen finds it difficult even to get a ration card. Do you think it will be easy to get a divorce certificate in a court of law for a person who is ignorant and poor?

Pandit M. B. Bhargava (Ajmer): Courts will be more efficient hereafter.

Dr. C. D. Pande: Things should be accepted as they are. You cannot expect to improve things all of a sudden. There is no justification for creating hardships. Why do you want to abrogate the customary law? Have you received any representation for the abrogation of customary law? Why do you insist on it? Why do you insist on creating difficulties?

Shri A. C. Shukla (Madhya Pradesh): Because it is against public morality.

Dr. C. D. Pande: Let not morality be governed by law. If you have any illusion that you can govern people's morality by law, you are mistaken.

Shri Lakshmanan (Travancore-Cochin): He is not addressing the Chair. He is addressing individual Members as 'you'.

Dr. C. D. Pande: I am sorry. It is a manner of address to say 'you'. 'You' does not mean an individual Member. It means the Legislators here.

Mr. Deputy-Speaker: No interruptions please.

Dr. C. D. Pande: I do not mind the interruptions, because the case that I am putting before you is sustained by the will of the people outside. I know the people. I know their difficulties. I know the prevalence of the customs. The difficulties that will be created will be enormous. You have not got the machinery to deal with the cases. The cases may be in far off places where there will be no Government machinery. People manage their affairs in an automatic manner. There is an automatic adjustment in social affairs. That automatic adjustment of the society will be disturbed. You wish to take upon yourself a responsibility for which you are not prepared. Moreover it is uncalled for. There is no justification for it. No case has been made out for the abrogation of customary law. A case has been made out for making divorce easier, not for restricting the scope of divorce. Why do you want to enact legislation which is not in consonance with the likings of the people, and which goes against the very spirit of this Code? This Code seeks to confer divorce and you want to restrict divorce. If this contention has any validity, then I submit the Law Minister will consider the matter carefully and sympathetically.

श्री ओरांव : उपाध्यक्ष महोदय, इस हिन्दू कोड बिल के बारे में हमें बहुत कुछ बोलना नहीं था । लेकिन ऐसी परिस्थिति आ गई है कि मजबूरन बोलना

पड़ रहा है। मेरे कहने का मतलब यह है कि शेड्यूल्ड ट्राइब्स (Scheduled Tribes) आदिवासी जो हैं वह न हिन्दू हैं, न मुसलमान हैं और न ईसाई हैं। वह लामजहब हैं। वह पहिले इस बिल में नहीं शामिल किये गये थे वह चाहते भी नहीं थे कि वह इस बिल में घसीटे जायें। लेकिन अब गौर कर के देखने से मालूम हुआ कि हमें भी इस बिल में घसीटा जा रहा है। मैं बतलाना चाहता हूं कि हमारे बीच में जो डाइवोर्स होते हैं, शायद दुनिया के किसी कोने में वह डाइवोर्स नहीं होते हैं। हम जानते हैं कि सन्तान होने के पहिले ८० या ८५ फी सदी से कम डाइवोर्स नहीं होते हैं। उस में अगर कोई कार्यवाही करनी है, डाइवोर्स जिसे करना है वह पंच के सामने रेकार्ड कराने में बहुत बड़ी आफ़त है। यह कहा जाता है कि अपनी पंचायत में जा कर रेकार्ड कराना होगा। वहां का मुखिया अदालत में जा कर दर्खास्त देगा। अगर लड़का या लड़की जो सम्बन्ध विच्छेद करने वाला है उन में से एक ने न माना तो मामला आगे बढ़ेगा, मुकदमा अदालत में जायगा। हम जानते हैं कि कितने डाइवोर्स होते हैं। बारह महीने में जो मुकदमे दायर होंगे वह १८ महीनों में भी फैसले न होंगे। इस लिये हमें हिन्दू कोड बिल में घसीट कर लाना अन्याय ही नहीं बल्कि हमारा मरण है। इस लिये हम डाक्टर साहब से कहेंगे कि वह हम को इस से बरी कर दें।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हिन्दू कोड बिल में जो बात हम देखते हैं, भली व बुरी दोनों हैं। हो सकता है शहर के रहने वालों को बुरी मालूम न हो, लेकिन हम देहात के रहने वाले हैं। सब किस्म के लोगों से मिलते जुलते हैं। सारे के सारे लोग इस के बख़िलाफ़ हैं। ऐसी हालत में हम देखते हैं कि जो पार्लियामेंट के मेम्बर हैं, लोगों के प्रतिनिधि हैं उन के हक में ही यह अच्छा न होगा बल्कि गवर्नमेंट के हक में भी अच्छा न होगा कि इस को पास किया जाय। इस वास्ते मैं कहूंगा कि जब तक नया चुनाव न हो जाय तब तक इस कानून को हर्गिज़ पास न करना चाहिये।

(English translation of the above speech)

Shri Oraon: Sir, I had not to speak much about this Hindu Code Bill; but we are now confronted with a situation which compels me to speak something. I mean to say that Scheduled Tribes and Aboriginals are neither Hindu nor Muslim nor Christian. They are without any religion. First they were not included in this Bill, nor did they want themselves to be dragged into it. But now I find that we too are being dragged into this Bill. I want to say that the divorces which take place amidst our Community, perhaps do not take place in any part of the world. We know that not less than 80 or 85 per cent. divorces take place before any child is born as a result of the marriage. If some action is to be taken there, or a divorce is to take place, we shall be handicapped in getting the case recorded with a *Panch*. It is said that the case will have to be recorded in our own *Panchayats*. The *mukhia* of that place will go to the court and apply. If either of the two—man or woman, who come for divorce do not agree to his decision, the case will proceed further and move to the court. We know how many divorces take place. Not even in 18 months will the cases registered in only twelve months be decided. Dragging us into the Hindu Code Bill, therefore, is not only injustice but our virtual death. I would request the learned Doctor, therefore, to exclude us from it.

Next, whatever we see in the Hindu Code Bill is both good and bad. Maybe, people living in the cities may not know this, but we are villagers and come across people of all types. All of them are against it. In this state of affairs we see that on the part of the members of the Parliament, the representatives of people as they are, this will not be a right course of action nor will it be right on the part of the Government to pass this Bill. It

[Shri Oraon]

is, therefore, I must say that this Bill should not be passed unless new elections are held.

श्री जांगड़े : उपाध्यक्ष महोदय, मैं गत चार पांच दिनों से माननीय सदस्यों के जो भाषण हो रहे हैं उन को सुन रहा हूं। उन के भाषण सुनने से मुझे यह पता नहीं लगता कि धाराओं पर विचार हो रहा है पर ऐसा मालूम होता है कि जनरल डिसकशन (general discussion) चालू हो गया है ।

अभी हमारे माननीय सदस्यों ने जो इस मेरिज एंड डाइवोर्स बिल (Marriage and Divorce Bill) के विरुद्ध शंकायें उठाई हैं मैं उन को गिनना चाहता हूं और उन का समाधान करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूं।

अभी हमारे श्री सी० डी० पाण्डे ने कहा कि जो ९० प्रतिशत लोगों में मेरिज और डाइवोर्स का लूज़ कस्टम (loose custom) है उस को ज्यों का त्यों रहने दिया जाय । उन्होंने यह भी कहा कि द्विज जातियों में जहां पर यह डाइवोर्स की प्रथा नहीं है उन को इस के लिये क्यों मजबूर किया जाता है ।

पंडित ऐम० वी० भार्गव : उन्होंने यह नहीं कहा ।

श्री श्यामनन्दन सहाय : यह नहीं कहा जा रहा है। आप उन के साथ क्यों बेइन्साफी करते हैं ।

श्री जांगड़े : उन्होंने कहा कि येह जो मेरिज कोड बनाये जा रहा है इस से विवाह शादि का प्रोसीड्योर (procedure) बहुत लम्बा हो जायगा और इस से देहात वालों को बहुत दिक्कतें होंगी ।

हमारे बाबू रामानारायण सिंह जी तो हमें सरमन (sermon) पढ़ाने आते थे और वह किसी धारा पर नहीं बोल रहे थे ।

बाबू रामनारायण सिंह : आप इस के लायक हैं ।

श्री जांगड़े : अब जो ९० प्रति शत लोगों के बारे में कहा जा रहा है तो मैं उन के अन्दर बहुत समय से समाज सुधार का कार्य कर रहा हूं और उन की नस नस को अच्छी तरह से जानता हूं । उन के तलाक और शादियों के बारे में मैं खूब अच्छी तरह से जानता हूं और जो दूसरे लोग उन की तरफ़ से बोल रहे हैं वह इस को नहीं जानते हैं। वह तो सिर्फ इस बिल में अड़ंगा लगाने के लिये बोलते हैं ।

आप ने कहा कि यह जो ईजी डाइवोर्स (easy Divorce) है वह बहुत अच्छा है । मैं आप को बताना चाहता हूं कि शूद्रों में जो डाइवोर्स का रिवाज है वह इतना निकम्मा हो गया है और इतना पुराना पड़ गया है कि उस का दुरुपयोग हो रहा है। आज इस के जरिये हमारी मां बहिनों की इज्जत लूटी जा रही है और वह कलकत्ता और बम्बई में बेची जाती है और दूसरे धर्मों में चली जाती है । आज शूद्रों में एक स्त्री की इतनी भी कद्र नहीं है जितनी की एक गाय की होती है। गाय को तो केवल एक बार बेचा जाता है पर स्त्रियों को तो बार बार बेचा जाता है । जो हमारा रिवाज है वह आज उद्दण्डों का रिवाज हो गया है, वह आज गरीबों का रिवाज नहीं रहा है । आप कहते हैं कि यदि हम कस्टम को हटा देंगे तो लोगों का अदालत में बहुत खर्चा होगा । परन्तु डाक्टर अम्बेडकर की बुद्धिमत्ता की मैं प्रशंसा किये बग़ैर नहीं रह सकता कि उन्होंने यह उपाय निकाला है कि जो जाति का पंच का निर्णय है उस को

जब तक गवर्नमेंट की मंजूरी न मिल जाय तब तक वह कस्टम बाइंडिंग (binding) नहीं है। आज हमारे यहां यह हो रहा है कि कस्टम के मुताबिक आज शादी की, सप्तपदी के अनुसार, और दो रोज बाद उस को बेच दिया। उस को लोग बेचने को तैयार हो जाते हैं और तलाक देने को तैयार हो जाते हैं। तो ऐसी सूरत में धार्मिक विवाह और सप्तपदी का क्या अर्थ रहा ? आज जो पुराने रिवाज हैं वह सड़े गले हुए हैं। आप उन को कायम रखना चाहते हैं। आप हिन्दू धर्म की दुहाई दे कर उन को रखना चाहते हैं। लेकिन मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि हिन्दू समाज के ९० प्रति शत लोग इन से बिगड़ रहे हैं। औरतों की कोई कद्र नहीं है। औरतें तड़प रही हैं। उन के सम्बन्ध में आप कहते हैं कि हम उन को देवी मानते हैं, उन को सौभाग्य लक्ष्मी मानते हैं, लेकिन यह आप सब गलत बातें पेश कर रहे हैं।

अभी आप लोगों ने कहा कि आप द्विजों में डाइवोर्स नहीं चाहते हैं। उन को क्यों डाइवोर्स के लिये मजबूर किया जाता है। बहुत से सदस्यों की यह राय है। आप तो शेर और गाय को एक ही स्थान पर रखना चाहते हैं। क्या शिकारी और जो उस का खाद्य है उस को एक साथ रखना चाहिये ? क्या आप पूर्व और पश्चिम को मिलाना चाहते हैं ? पूर्व और पश्चिम कभी भी नहीं मिल सकते। एक तरफ आप कहते हैं कि द्विजों में डाइवोर्स का हक नहीं होना चाहिये, दूसरी ओर आप कहते हैं कि शूद्रों में लूज डाईवोर्स रखना चाहिये जिस से कि हमारी नैतिकता गिरती जा रही है, हमारी मानवता गिरती जा रही है। हिन्दू कोड जो बनाया गया है वह इस फर्क का जो कि एक्स्ट्रीम (extreme) किस्म का है दूर करने के लिये बनाया गया है और कन्या कुमारी से काश्मीर तक जो द्विज और शूद्र रहते हैं उन को मिलाने के लिये लाया गया है। आप हिन्दू धर्म में जागृति फैलाना चाहते हैं। मैं कहता हूं कि हिन्दू कोड बिल इस में बहुत सहायक होगा। हमारे डाक्टर अम्बेडकर ने इस को बना कर जिस नैतिकता का परिचय दिया है आप उस का परिचय नहीं देना चाहते हैं। मैं तो इस सम्बन्ध में यह कहना चाहता हूं कि द्विजों और शूद्रों को मिलाने का अगर कोई तरीका हो सकता है तो वह यह हिन्दू कोड बिल ही हो सकता है।

आप कहते हैं कि जो इस के अन्दर आना चाहे उस को आने दिया जाय पर जो न आना चाहे उस को मजबूर न किया जाय। किसी को मानोगोमी (monogomy) और डाइवोर्स के लिये मजबूर न किया जाय। मैं कहता हूं कि इस विषय में ग़लत तरीके से प्रचार किया गया है। गवर्नमेंट के पास पैसा नहीं है और गवर्नमेंट पैसा दे कर प्रचार नहीं करवाना चाहती है। जो हिन्दू कोड के समर्थक हैं वह इस का प्रचार नहीं कर रहे हैं। जो विरोधी हैं वह प्रचार कर रहे हैं। मैं ने एक बार सुना कि करपात्री जी ने भाषण दिया कि इस से तो बाप और बेटी का विवाह हो सकता है। इसी तरह से और और ग़लत प्रचार किया जाता है। यह कहा जाता है कि इस से तो भाई बहिन की शादी होगी। कहीं पर यह प्रचार किया जाता है कि हिन्दू धर्म का नाश हो रहा है। मैं कहता हूं कि हिन्दू धर्म में जो रोग आ चुके हैं और जो भाग सड़ चुका है उस को दवा डाल कर जोड़ा जा रहा है। यही हिन्दू कोड का मंशा है। इस के सम्बन्ध में इसी प्रकार का प्रचार हो रहा है। आप कहते हैं कि हम डाइवोर्स नहीं चाहते, फिर दूसरी ओर हमारे लिये चाहते हैं कि वह रखा जाय। द्विजों में लड़की की

[श्री जांगडे]

शादी हो जाय और यह विधवा हो जाय तो फिर उस की शादी नहीं हो सकती चाहे वह मर तक जाय । परन्तु पुरुष चाहे तो सौ बार शादी कर सकते हैं । यह कहां का न्याय है ? जैसे राम ने एक बार शादी की . . .

अध्यक्ष महोदय : आप राम को छोड़िये ।

श्री भट्ट : इन को तो इजाजत दे देनी चाहिये ।

श्री जांगड़े : तो मैं यह कह रहा था कि शूद्रों में जो कस्टम है वह कितना खराब है । उस को हम बदलना चाहते हैं । एक-एक आदमी पांच पांच या छः छः बार शादी कर सकता है । किसी के घर में सप्तपदी औरतें रहना नहीं चाहतीं और वह उद्दंडों के साथ चली जाती हैं । बार बार औरतों के बदलने में उन का बहुत रुपया खर्च होता है उन को सम्पत्ति का आधे से ज्यादा खर्च सिर्फ़ औरतों को लाने में हो जाता है । तो जो आदमी और शादी कर के लावे और वह दूसरों के यहां चली जाय यह कहां का न्याय है । इन बुराइयों को दूर करने के लिये यह कानून लाया गया है जिस में आप हिन्दू धर्म का नाश देखते हैं ।

इस लिये मैं ज्यादा समय न ले कर यह कह देना चाहता हूं कि यदि आप हिन्दू धर्म की जागृति चाहते हैं और हिन्दू धर्म को कायम रखना चाहते हैं शूद्रों को मिलाना चाहते हैं तो हमें हिन्दू कोड बिल पर जो मेरिज और डाइवोर्स का संशोधन पेश किया गया है उसे स्वीकार कर लेना चाहिये ।

(*English translation of the above speech*)

Shri Jangde: Sir, I have been listening to the speeches of the hon. Members for the last four or five days. From their speeches it appears to me that clauses are not being considered, but that general discussion has started.

I wish to recount the objections raised by the hon. Members against this Marriage and Divorce Bill and I consider it my duty to reply to them.

Just now Shri C. D. Pande said that a loose custom of marriage and divorce prevalent among 90 per cent. of the people should be left intact. He also asked why should the *Dwij* communities, among which this divorce custom does not obtain, be compelled to adopt it.

Pandit M. B. Bhargava: He did not say this.

Shri Syamnandan Sahaya: This was not said. Why are you unjust to him?

Shri Jangde: He said that this matrimonial code, which is going to be passed, would greatly lengthen the procedure of marriage etc. and would create many difficulties for the village people.

Babu Ramnarayan Singh came only to give a sermon to us. He did not speak on any clause in particular.

Babu Ramnarayan Singh: You deserve it.

Shri Jangde: I have been doing work of social reform among these 90 per cent. of the people and I know them thoroughly. I know their marriage and divorce customs very well. The people who are speaking on their behalf do not know them. They speak only to place obstructions in the progress of this Bill. It has been said that easy divorce is a very good thing. I want to tell you Sir, that the custom of divorce among the *Shudras* has become so old and useless that it is being highly misused. Today the honour of our mothers and sisters is at stake on account of this. They are sold in Calcutta and Bombay and they embrace other faiths. Today among the *Shudras* a woman does not enjoy even as much respect as a cow does. A cow is sold only once, but women are sold many times. The custom now prevailing among them has become the custom of the high-handed and is no longer the custom of the poor. You say that if this custom is abolished, people will have to incur much expenditure in the Law court, but I cannot help praising the wisdom of Dr. Ambedkar who has suggested the remedy that the decisions of the *Panch* of the caste shall not be binding until the sanction of the Government is obtained. Today what we do is to marry, perform the custom of *Saptpadi*, and to sell her (the wife) after two or three days. People become ready to sell and divorce her. In this case, what is the meaning of sacramental marriage and *Saptpadi*? The old customs have become rotten. You want to maintain them. You want to keep them in the

name of Hindu religion. But I want to tell you that 90 per cent. people of Hindu society are becoming opposed to them. Women are not shown any respect. They are labouring under difficulties. You say that we regard them as *Devis* and *Saubhagya Lakshmi*, but this is all wrongly put by you

Just now some hon. Members said that they did not want divorce for the *Dwijas* and why should they be compelled to adopt it. This is the opinion of many of the hon. Members. You want to place the lion and the cow in the same category. Should the hunter and his prey be placed together? Do you want to unite the East and the West? They can never meet. On the one hand you say that there should be no divorce among the *Dwijas*, on the other. you say that loose divorce should be maintained among the *Shudras*. This anomaly is leading to a fall in our moral and human standards. The Hindu Code has been drafted to remove this extreme kind of discrimination and to bring the *Dwijas* and *Shudras* from Cape Comorin right up to Kashmir together. You want to spread the awakening among the Hindus. I say that the Hindu Code Bill would be a great help in this direction. You do not want to show the same sense of moral values which has been shown by Dr. Ambedkar in drafting this Bill. In this connection I wish to say that if there can be any means of bringing the *Dwijas* and the *Shudras* together, it can only be the Hindu Code Bill. You say that it should be applied only to those who want it, and those who do not want it should not be compelled to adopt it and none should be forced to adopt monogamy and divorce. In my opinion propaganda has been done in the wrong manner in this connection. Government have no money and they do not want to do propaganda in this respect. Not the supporters, but the opponents of the Hindu Code are doing forceful propaganda. Once I heard that Karpatriji said in a speech that it could even make marriage between father and daughter possible. Similarly other false propaganda is being done. It is said that it would lead to marriages between brothers and sisters and that Hindu religion is going to pieces. I say that the diseases which have crept into Hindu religion are being sought to be removed by treatment. This is the aim of the Hindu Code. Such a propoganda is being done in this connection. You say that you do not want divorce. but on the other hand, you want that it should be introduced for us. Among the *Dwijas* a married woman who becomes a widow, cannot be re-married in any case but men can marry a hundred times if they like. This is no justice. Just as Rama married once.....

Mr. Deputy-Speaker: You leave Rama aside.

Shri Bhatt: He should be allowed.

Shri Jangde: I was speaking of the evil custom prevailing among the *Shudras*. We want to change it. Every person can marry five or six women. In no home are women married according to *Saptpadi* are found. They go away with the high-handed persons. By changing their women repeatedly they incur much expenditure. More than half of their property is spent in marrying these women. Is it justice that a woman married to a man should go to another? This Bill in which you see the end of the Hindu religion has been introduced to remove these evils. Therefore, without taking more time I would like to submit that if you want to see the renaissance of the Hindu religion, if you want to maintain it and bring the *Dwijas* and the *Shudras* together, the amendment in respect of Marriage and Divorce clauses of the Hindu Code Bill should be accepted.

श्री टी० ऐन० सिंह : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं जान बूझ कर हिन्दी में बोल रहा हूं कारण यह कि अभी हमारे कुछ मेम्बरों ने और विशेषकर श्री ओरांव ने इस हिन्दू कोड बिल पर हिन्दी में बोल कर हम लोगों को भी ऐसा करने की एक प्रकार से आज्ञा दी है ।

इस विशेष क्लाज ४ के बारे में जो इस वक्त बहस शुरू हुई है उस में हम को एक बात का विशेष तौर से ख्याल आता है । हमारे डाक्टर साहब ने अवश्य मनु, पाराशर, याज्ञवल्क्य की परम्परा में आ कर उन का स्थान लेने का प्रयत्न किया है परन्तु मैं समझता हूं कि परम्परा का ही स्थान लेना यह उन की अनधिकार चेष्टा है । क्योंकि जो हमारी परम्परायें हैं वे बराबर काल से, समय से और स्थिति से बनती रहती हैं । वह सामूहिक बुद्धि और अनुभव के आधार पर बनती हैं । इस वास्ते उन पर किसी व्यक्ति विशेष की बुद्धि काम नहीं दे सकती । मेरा कहना सिर्फ यह है कि हम अपनी परम्पराओं की अवहेलना इतनी आसानी से, इतनी साधा-

[श्री टी० ऐन० सिंह]

रणतया, नहीं कर सकते । इन सब परम्पराओं को कदाचित हम जानते भी नहीं । मेरा तो यह दावा है कि डाक्टर साहब, हमारे ला मिनिस्टर, जो इन परम्पराओं को इस हिन्दू कोड के द्वारा समूल नष्ट करना चाहते हैं, वह बता सकते हैं कि हमारे इस विशाल देश में, इस भारत भूमि में, हमारी परम्परायें कितनी हैं । उन का कदाचित् उन्हें ज्ञान भी न हो और फिर जब उन परम्पराओं को वे जानते भी न हों तो यह कहना कि इन को समूल नष्ट होना चाहिये, यह कहां तक ठीक है । इसलिये आप पाराशर या याज्ञवलक्य या अन्य किसी स्मृतिकार के अनुकरण की चेष्टा कर सकते हैं, परन्तु भगवान के लिये इन परम्पराओं पर अनधिकृत चेष्टा न कीजिये ।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, फिर मैं आप से बताता हूं कि हमारे कितने ही भाइयों में, हमारे देश के कोने कोने में कितनी हीं परम्पराऐं चल रही हैं । वह कदाचित् मनु, पाराशर, या अन्य किसी स्मृति से भी ऊंचे आदर्श पर चल रही हैं । क्या आज कोई आदमी यह कह सकता है कि हमारे देश के उस वर्ग में जिस में हमारे श्री थेवले ओरांवजी को होने का गौरव है, उस वर्ग में क्या बहुत सी चीजें, बहुत सी बातें, बहुत सी परम्परायें, बहुत से विधान, हमारे विधान से सर्वथा श्रेष्ठ नहीं हैं ? मेरा तो यह कहना है कि वह डाइवोर्स, (शायद इस के लिये हिन्दी में कोई एक शब्द नहीं मिलेगा) (एक माननीय सदस्य : विवाह विच्छेद), विवाह विच्छेद आप कह सकते हैं, लेकिन वह एक शब्द नहीं हुआ, खैर, उन के यहां इस सम्बन्ध म जो नियम है वह हमारे कोड के नियमों से या विलायत के, इंगलैंड के, अमेरिका के, इन सब जगहों में नियम बने हुए हैं, वहां जो बातें मानी जाती हैं, उन से भी ये कहीं आगे बढ़े हुए हैं । और हमारी समझ में उन को संकुचित करना या यह दम्भ करना कि यह कोड या व्यवस्था उस से श्रेष्ठ है और यह उस की जगह लागू होगी और वह लागू नहीं हो सकेगी, यह हमारी समझ में नहीं होना चाहिये । इस वास्ते मैं अपनी गवर्नमेंट से खास तौर से प्रार्थना करूंगा, अपने ला मिनिस्टर से प्रार्थना करूंगा कि पहले तो जब हम परम्पराओं को जानते ही नहीं तो फिर अनजान में उन सब परम्पराओं के साथ इस तरह व्यवहार करना अनुचित है । दूसरे जब आप की परम्परायें किसी नियम या विधेयक के विरुद्ध नहीं हैं तो उन को समूल नष्ट करना बुद्धिमानी नहीं है । मैं ने सुना है कि किन्हीं विषयों में किन्हीं अंशों में आप परम्परा को स्थान देने जा रहे हैं । उन के बारे में हमारे सामने अभी कोई संशोधन नहीं आये हैं ।

एक माननीय सदस्य : मैरिज (marriage) के बारे में आ गये हैं ।

श्री टी० ऐन० सिंह : लेकिन सब के बारे में नहीं आये हैं, शायद आने वाले हैं । उन का मैं स्वागत करता हूं । लेकिन साथ ही साथ यह कहता हूं कि इस तरह से एक सर्वव्यापी ढंग से, बिल्कुल समूलाच्छेद की दृष्टि से उन के लिये विधान बनाना ठीक नहीं है । इसी वास्ते मेरा खास तौर से इस से विरोध है । अगर आप देखें तो मालूम होगा कि पहले जो क्लाज था और अब जो क्लाज बनाया गया है उस में एक चीज और जोड़ दी गई है और कहा गया है "ऐनी अदर ला इन फोर्स", (any other Law in force) । अर्थात् और भी जो विधान या विधेयक हो जो उस वक्त लागू हो, वह भी हटा दिया जाय, अगर वह इस से इनकानसिस्टेंट (inconsistant) हो, अगर वह असंगत हो, संगत न हो, ऐसी

दशा में वह लागू नहीं होगा। तो मेरा यह कहना है कि क्या यह ठीक नहीं होता कि आप इन परम्पराओं के बारे में भी यह कहते कि इनकान्सिस्टेंट होने वाली बात नहीं लागू होगी। या यह कहते कि इस के जो सिद्धान्त हैं, इस का जो मूल उद्देश्य है, उस के विरोध में अगर कोई कस्टम या परम्परा है तो वह लागू न हो। ऐसा होता तो वह बात समझ में आती। लेकिन यह कह देना कि कोई भी परम्परा हमारे लिये लागू ही नहीं होगी, यह ठीक नहीं है और मैं समझता हूं कि इस के बारे में काफी ध्यान पूर्वक इस को बदलना है और इस में संशोधन करना आवश्यक है।

यह मैं ज़रूर मानता हूं कि बहुत सी हमारी परम्परायें ग़लत हो गई हैं, वे समयानुकूल नहीं हैं, यह हो सकता है। शायद एक परम्परा चली आ रही है जिस के अनुसार एक वयोवृद्ध, ६० ,७० वर्ष की आयु वाला भी शादी कर लेता है। ऐसी भी परम्परा है। लेकिन खेद है हिन्दू कोड के अनुसार यह असंगत नहीं है। मेरा यह कहना है कि अगर परम्परा पर आप को कुठाराघात करना है तो आप ऐसी परम्पराओं पर कीजिये।

श्री ए० सी० शुक्ला : दहेज के बारे में।

श्री टी० ऐन० सिंह : जी हां, और बहुत सी बातें हैं जिन के ऊपर आप कुठाराघात कीजिये विधवा विवाह है, आदि कई बाते हैं। आप ने इन के बारे में भी पचासों किस्म के कानून बनायें, बहुत सी बातें कीं, लेकिन क्या उन से हम को सफलता मिली। इस वास्ते मेरा यह कहना है कि आप को हर एक परम्परा का अच्छी तरह से अध्ययन करना चाहिये, यह नहीं कि जिस तरह से आप ने यह किया कि सब को हटा दिया। इस से मेरा विरोध है। मेरा यह कहना नहीं है कि हमारी कोई परम्परा गलत नहीं है।

श्री ए० सी० शुक्ला : क्या मैं एक प्रश्न आप से पूछ सकता हूं ? आप किस तरह निश्चय करेंगे कि यह परम्परा गलत है या अच्छी ? एक जाति के ७५ प्रति सैंकड़ा एक कस्टम (Custom) को चलाना चाहते हैं तो उस को माना जाय ? आप यह बताइये कि कस्टमरी ला (Customary Law), जैसे हमारे जांगड़े जी साहब ने कहा, इस में सुधार होना चाहिये। सुधार तो सभी चाहते हैं। सभी कुरीतियों का सुधार चाहते हैं। इस लिये आप बताइये कि इस का निश्चय कैसे हो।

श्री टी० ऐन० सिंह : यह प्रश्न जो हमारे माननीय शुक्ल जी ने किया है वह बहुत साधरण है। परम्परा का सुधार हम या आप थोड़े करते हैं, सारा समाज, समूह करता है, काल करता है, और यह कभी नहीं कहा जा सकता कि सब परम्परायें अपरिवर्तित रही हैं। सब का परिवर्तन हुआ है। लेकिन मेरा यह कहना है कि जब हम सामूहिक बुद्धि के विपरीत अपनी व्यक्तिगत बुद्धि लगाते हैं तो उस वक्त हमारा कर्तव्य हो जाता है कि उस का पूर्ण रूप से अध्ययन करें। मुझे तो कुल यही कहना है। मैं यह नहीं कहता कि कोई परम्परा नहीं बदलनी चाहिये। लेकिन उन्हें हमें अपनी सामूहिक बुद्धि से बदलना है। इस तरह से हमें बदलने का अधिकार तो है, किसी कानून के ज़रिये नहीं बदलना चाहिये। मेरा केवल यही कहना है।

श्री ए० सी० शुक्ला : किस तरह ?

श्री टी० ऐन० सिंह : बहुत सी परम्परायें जिन्हें आप बुरा समझते हैं वे लोकमत पैदा करने से बदलती हैं । और बहुत सी परम्परायें ऐसी होती हैं जो कि समय के प्रभाव से बदलती रहती हैं । कहा जाता है कि एक जमाने में स्पार्टा में कोई बच्चा पैदा होता था तो उस को बाहर फेंक देते थे । यदि वह रात और दिन भर जीवित रह जाता था तो उस को फिर वापस ले आते थे और उस को जीवन दान मिलता था । यह ठीक है । इस परम्परा के पीछे उस समय की एक विशेष आवश्यकता थी । यह आवश्यकतायें समय से परिवर्तित होती जाती हैं, समाज की जरूरतें बदलती रहती हैं ।

Dr. Ambedkar: You are arguing a bad case.

श्री टी० ऐन० सिंह : मेरी समझ में आप की यह बात नहीं आती । जब मैं समझता हूं कि आप यह अनधिकृत चेष्टा कर रहे हैं तो मुमकिन है कि आप यह समझें कि मैं एक अनुचित केस का समर्थन कर रहा हूं । लेकिन बात यह है कि जब आप अपनी परम्पराओं का पूरा ज्ञान ही नहीं रखते और उस के बाद उन में तरमीम करें और ऐसी परम्पराओं में जो कि बहुत ही अच्छी हैं, चाहे वह इस कोड से सस्टेन (sustain) हों या न हों . . .

श्री ए० सी० शुक्ला : क्या वे रेकार्डेड (recorded) हैं ?

श्री टी० ऐन० सिंह : हमें मालूम है, हम को उन का ज्ञान है । इस देश में हम रहते हैं और हम को इन का ज्ञान है । इस लिये जब आप उन अच्छी परम्पराओं पर भी कुठाराघात कर रहे हैं तो यह अनुचित है और इसी वास्ते मैं चाहूंगा कि या तो इस क्लाज को बिल्कुल हटा दिया जाय या फिर इस के आगे जो बाद में आप लाने वाले हैं उस की व्यवस्था की जाय तो फिर इस पर विचार किया जाय । यह उचित होगा । अभी इस रूप में इस को पास करना उचित नहीं है ।

(English translation of the above speech)

Shri T. N. Singh: Sir, I am deliberately speaking in Hindi, because some of the hon. Members and particularly Shri Oraon, by speaking on the Hindu Code Bill in Hindi, have in a way asked us to do the same. We have one thing specially in mind while discussing this particular clause 4. Dr. Ambedkar has certainly tried to take a place in the galaxy of Manu, Parasher and Yajnavalkya by following in their footsteps, but I believe that it is an unjustified effort on his part because our traditions have gradually evolved according to the dictates of time and circumstances. They are formed on the basis of collective wisdom and experience. Therefore the wisdom of any particular individual cannot affect them. What I mean to say is that we cannot violate our traditions so simply and so easily. We perhaps do not even know all of these traditions. I would challenge Dr. Ambedkar, our Minister of Law, to state how many traditions of ours, which he wants to destroy completely through this Hindu Code, are there in this vast country of ours, in this Bharatvarsh. How far is it proper for him to say that these traditions which he perhaps does not know of, should be completely destroyed? Therefore you can make efforts to follow Parashar or Yajnavalkya or any other lawgiver (*Smritikar*) but, for God's sake, do not make this wanton assault on these traditions.

Sir, I would like to tell you that a good many traditions are being followed by innumerable people in every corner of our country. They are perhaps being followed on a higher level of morality than what was obtained by Manu, Parashar or any other *Smritikar*. Can anybody today say that in that section of our country to which our Shri Theble Oraon has the honour of belonging, many things, many traditions, many laws are not such as are highly superior to our laws? In my view this divorce (perhaps there is no one word for it in Hindi). (*An Hon. Member: Vivah-Vichheda.*) You may say *Vivah vichheda*, but it is not one word anyway the rules in force therein this regard are far superior to the rules in our Code or rules found anywhere, in England, in America or else-

where. In our opinion it is not proper to curtail them or to boast that this Code or this measure is better and should replace them. Therefore I would appeal to our Government, to our hon. Minister of Law that it is improper for us, being ignorant of the traditions, to deal with all these traditions in this manner. Secondly, it is not wise to destroy completely these traditions and specially when they do not go against any rule or Bill. I have heard that in some cases in some parts, these customs and traditions are being given their due place. But no amendments have come before us in regard to them.

An Hon. Member: Amendments regarding marriage have come.

Shri T. N. Singh: But amendments regarding other things have not come, perhaps they are about to come. I welcome them. But at the same time I would submit that it is not correct to make laws for them in a sweeping manner with a view to eradicate them. That is why I oppose this measure particularly. If you were to read this clause, it will be found that the words 'any other laws in force' have been added to the clause now framed i.e. any other law or Act which is inconsistent with it would also be repealed and would not be applicable in that case. Would it not be proper if you also said in regard to these traditions that the inconsistent things would not be applied and any custom or tradition going against any of its principles or basic aims would not be applicable. If so, it would have been understandable. But to say that no tradition would apply is not fair and I believe that it is essential to change or amend it carefully. I do agree that many of our traditions are inconsistent and are perhaps not according to the times. According to some of the current traditions, an aged man of 60 or 70 can also marry. But it is regretted that this is not incongruous with the Hindu Code. What I mean to say is that if you have to axe any tradition, axe such traditions.

Shri A. C. Shukla: Those regarding dowry.

Shri T. N. Singh: Yes, there are many others, like widow re-marriage etc. You made scores of laws regarding them and did many things, but did we succeed through them? That is why I say that every tradition should be thoroughly studied. I am opposed to removing all of them. I do not mean that none of our traditions is wrong.

Shri A. C. Shukla: May I ask a question? How will you determine that a particular tradition is good or bad? If 75 per cent. people of a community want a custom to be retained, should their view be accepted, and should the customary law, as stated by Shri Jangde, be reformed? Everybody wants reform of the bad customs. Therefore, let us know how it should be determined.

Shri T. N. Singh: The question put by Shri Shukla is very simple. It is not you or I who reform the traditions. It is done by the whole society, the whole community, according to the dictates of the time and it can never be said that all traditions have remained unchanged. All of them have undergone changes. But I say that when we apply our individual judgment as against our collective wisdom, it becomes our duty to study them fully. That is all I have to say. I do not say that no customs should be changed, but we should change them with our collective wisdom. We have the right to do so in this manner, but we should not do it through legislation. This is what I want to say.

Shri A. C. Shukla: How?

Shri T. N. Singh: Many of the traditions which you regard as bad get changed by the pressure of public opinion. Many others change according to the dictates of time. It is said that at one time when a child was born in Sparta, it was thrown away. If it could survive one day and one night, it was brought back and given a lease of life. This is correct. There was a special necessity for that tradition at that time. These traditions change with the times as the needs of society change.

Dr. Ambedkar: You are arguing a bad case.

Shri T. N. Singh: I do not understand this. When I believe that you are making a vain effort, you might think that I am supporting a bad case. The thing is that you do not have full knowledge of our traditions. Only after studying them completely you might change them and those traditions which are very good, whether they are sustained by this Code or not should.....

Shri A. C. Shukla: Are they recorded?

Shri T. N. Singh: We live in this country and know them. It is, therefore, improper to axe these good traditions and I would like that either this clause should be removed altogether or it should be adjusted in the next clause. It should be considered after that. That would be proper. To pass it just now in this form is not proper.

चौधरी रनबीर सिंह : मैं पंडित ठाकुर दास भार्गव का जो संशोधन नम्बर ४२० है और भट्ट जी का संशोधन नम्बर २८८ है, उन का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। भट्ट जी का तो अपने संशोधन से आशय यह है कि जो रीति रिवाज या कस्टम्स (Customs) हैं वह अगर कहीं आप के इस हिन्दू कोड बिल से टक्कर खाते हैं, तो उस टक्कर को एक दम से यह नहीं मान लेना चाहिये कि कस्टम खत्म हुआ, बल्कि दस साल तक उसे जीवन दे दिया जाय और दस साल के बाद उसे खत्म मान लेना चाहिये। पंडित ठाकुर दास भार्गव के संशोधन नम्बर ४२० का यह आशय है कि जितने भी कस्टम्स हों, जो हिन्दू कोड बिल के मुताबिक हों, उन को खत्म मान लेना चाहिये और जो कस्टम्स उन के अलावा बाक़ी रहते हैं उन की ताक़त को, या उन की क़ानूनी ताक़त को ज़िन्दा रहने दिया जाय। मेरे लायक़ दोस्त पांडे जी ने जिस तरह से कहा, मैं मानता हूं और यह बात सही है और वह बड़ी संतोष दिलाने वाली बात है कि हिन्दू कोड बिल का जो असली आशय था वह यह समझा जाता था कि यह हिन्दू कोड बिल देश के अन्दर कुछ सुधार करने के लिये या सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये उनमें तबदीली करने के लिये लाया जा रहा है। इस बिल का असर कितने आदमियों के ऊपर पड़े यह भी सोचने वाली बात है और जैसा कि उन्हों ने कहा मैं तो इसे अनाधिकार चेष्टा मानता हूं कि इस तरह बैक डोर (back door) से इस देश के उन आदमियों पर जिन पर हिन्दू कोड बिल अभी तक लागू नहीं है उन को जबरदस्ती इस में फांसा जा रहा है।

श्री ए० सी० शुक्ल : अगर वह न चाहें तब भी लें।

चौधरी रनबीर सिंह : शुक्ल जी मेरे ज़बरदस्ती कहने का मतलब नहीं समझे, या उन्हों ने सुना नहीं। अगर वह यह कहते कि ज़बरदस्ती में जो कहता हूं, वह ग़लत है, तो मैं उन को शायद जवाब देता कि वह कोई सबूत दें कि पंजाब के किसी भाई ने आज तक चाहे वह हिन्दू जाति का रहा हो, सिक्ख जाति का रहा हो, या मुसलमान जाति का हो, एक आदमी ने भी कभी इस आवाज़ को बुलन्द किया हो कि हमारा जो कस्टमरी क़ानून है उस को हटा दिया जाय, और उस की जगह हमें मनु का क़ानून, या याज्ञवल्क्य या और किसी का क़ानून हमें दीजिये ?

श्री ए० सी० शुक्ला : पढ़ लिख जायेंगे तो उसके लिये मांग करेंगे।

चौधरी रनबीर सिंह : हमारे माननीय शुक्ल जी को मालूम नहीं है कि हमारे पंजाब प्रान्त में कैसे डाइनिमिक (dynamic) आदमी हुए हैं जिन्होंने देश की ताक़त को चैलेंज (challenge) किया है, गोकि मैं उन का समर्थक नहीं, लेकिन यह इतिहास की सच्चाई है कि पिछले सालों के अन्दर हिन्दू मैजारिटी एरियाज़ (Hindu Majority areas) के अन्दर कोई कांग्रेस के आदमी को हरा नहीं सका। लेकिन पंजाब का ऐसा इलाक़ा था हरियाना का जो हिन्दू मैजारिटी एरिया था वहां चौधरी छोटू राम ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हरा दिया था।

Dr. Ambedkar: Ch. Chottu Ram was a great friend of Hindus.

चौधरी रनबीर सिंह : मैं डाक्टर अम्बेडकर साहब से उन का अगर कोई लेख हो, उन की कोई बात उन के सबूत में हो, तो मैं मानने के लिये तैयार हूं। बाक़ी जहां तक उन के आशय का वास्ता है, उस से तो मैं विरुद्ध नहीं हूं, मैं मोनोगैमी (monogamy) का हामी हूं और चाहता हूं कि किन्हीं विशेष परिस्थितियों में डाइवोर्स (Divorce) की व्यवस्था भी अवश्य रहनी चाहिये ताकि ऐसी

अवस्था में, जब स्त्री, पुरुष दोनों तरफ एक साथ रहने से तक़लीफ़ होती है तो उन्हें उस तक़लीफ़ से बचाने के लिये कोई न कोई ढंग या रास्ता निकालना चाहिये । लेकिन इस के साथ साथ मैं यह कहे बग़ैर नहीं रह सकता कि यह जो चेष्टा है, यह अनाधिकार चेष्टा है, क्यों कि हिन्दू कोड बिल से हमारा आशय होना चाहिये था कि हिन्दू कोड बिल से जो गवर्न (govern) होते हैं उन्हीं पर यह लागू किया जाय ।

यह मेरी बदक़िस्मती है कि जब से यह हिन्दू कोड बिल का सवाल आया, कई महीनों से चला आता है और कई दिन इसके ऊपर लगाये गये, मैंने उस वक़्त बहुत कोशिश की कि मैं पांच मिनट मिलें तो कुछ उस पर अपने विचार प्रकट करूं, लेकिन मौक़ा नहीं मिला । यह बदक़िस्मती की बात है कि हमारे मान साहब जो बोले तो वह सिक्ख धर्म में फंस गये, बजाय इस के कि सही बात पर आते, लेकिन उन्हों ने शायद ऐसा समझा कि इस तरह उन की बात ज़ोरदार हो जाय या और कोई कारण रहा होगा । बहरहाल मैं समझता हूं कि यह सिक्ख धर्म का प्रश्न नहीं है, यह पंजाब प्रान्त भर के कस्टमरी क़ानून का प्रश्न है और डाक्टर साहब से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि देश के अन्दर एक ऐसे वक़्त में जब कि ब्राह्मनिक क़ायदे क़ानूनों ने सारे देश और समाज के रहनसहन और रीति रिवाजों को अपने पंजे में बांध रखा था कि सोमवार को नहीं जा सकते, मंगलवार को नहीं जा सकते, और शनिवार को नहीं जा सकते, ऐसे समय में मैं डाक्टर साहब को बतलाना चाहता हूं कि पंजाब की वह लड़ने वाली जाट जाति ने, जिस जाति से मैं और सरदार बलदेव सिंह ताल्लुक़ रखते हैं, उस जाट जाति ने आज तक उस ब्राह्मनिक रूल के सामने सिर नहीं झुकाया । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप की जो यह दो चीज़ें मोनोगैमी और डाइवोर्स हैं, उन के लिये वास्तव में हमारे समाज में कोई ज़्यादा विरोध भी नहीं है और मेरा भी इन दोनों से कोई विरोध नहीं है, लेकिन जो आप का यह ढंग है और तरीक़ा है उस से ज़रूर विरोध है । और आज जिस तरीक़े से जिस बैक डोर से यह बढ़ा है वह कोई बहुत अच्छा ढंग नहीं है, यह बात नहीं है कि मैं अपने आपको ग़ैर हिन्दू मानता हूं, लेकिन यह ज़रूर मानता हूं और यह सच बात है कि हम लोग कभी हिन्दू कोड से गवर्न नहीं हुए, वह हमारे ऊपर कभी लागू नहीं हुआ । आप का यह ख़्याल कि जिन लोगों को आप अभी तक दिमाग़ी तौर पर गुलाम नहीं कर पाये थे, उन को आप यह समझते हैं कि बैक डोर से गुलाम कर लेंगे, तो मुझे इस में पूरा शक़ है । यह जो आप शादी, विच्छेद के बारे में रीति रिवाज के ऊपर क़ायदे क़ानून बनाने जा रहे हैं, इस में भी हमें बहुत कुछ मतभेद है । इस सिलसिले में मैं एक बात बतलाना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के हिन्दू समाज के अन्दर विधवा के प्रति दर्द के नाम पर बहुत सारे समाज सुधारकों ने उस दिशा में बड़ी उन्नतियां की हैं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि बदक़िस्मती से हमारे समाज के अन्दर सदा से नौजवान विधवा अननोन (unknown) रही हैं । हमारे समाज के अन्दर नौजवान विधवा का नाम नहीं होता ।

क्योंकि हमारे यहां यह रिवाज है कि जिस समय किसी बहिन का पति मर जाता है तो उस के पति के मरने के एक साल बाद दोनों तरफ के भाई, जो उस बहिन के बाल्देन और भाई होते हैं वह भी इकट्ठा होते हैं और जो भाई मर जाता है उसकी तरफ के लोग भी यानी उनके बाल्देन और भाई भी इकट्ठा होते हैं और वहां पर यह फैसला किया जाता है कि चाहे उस बहन को थोड़ी बहुत शर्म आती हो,

[चौधरीरनबीर सिह]

जैसा हिन्दू समाज में सारी जगहों पर होता है वैसे ही हमारे यहां भी थोड़ी शर्म होती है, तो अगर वह इन्कार कर दे और कह दे कि जो दुःख भगवान ने मुझे दिया है, वह दुःख मैं ही काटूंगी, लेकिन उस की बनावटी इच्छा के विरुद्ध भी उसे मजबूर किया जाता था कि यह मुमकिन नहीं है। यह कहा जा सकता है कि उस का आदर्श अच्छा है लेकिन कितने आदमी हैं जो इतने ऊंचे आदर्श पर चल सकते हैं । इसके ऊपर हमारे समाज में शक है कि आप इस समाज के अन्दर यह बहुत ऊंचा आदर्श कायम करने जा रहे हैं, इस से हमारे समाज में कहीं खराबी न पैदा हो, इस लिये इस तकलीफ को, आप इसे तकलीफ मानें या जो भी मानें, इस बात को मान लिया जाय कि जो कपड़ा हम डालते हैं, यानी हम किसी के सुपुर्द करते हैं, विवाह करते हैं आसान तरीके से, उस का नाश न किया जाय । तो इस लिये मैं भट्ट साहब की बातकी ताईद करना चाहता था। अब मैं इस के कारण की तरफ आ रहा हूं ।

एक तरफ तो जहां आप का कायदा कानून है, कि बहनों की परेशानियों को हल्का किया जाय, और जिन्हें बहुत हद तक हल्का किया भी, वहां हमारी बहनों की परेशानियों को और भी तकलीफ-देह बनाया गया है। और वह इसलिये कि आप ने उन को एक तरफ से हक़ दे दिया कि वह जहां चाहें शादी कर लें । वैसे भी यह होगा कि अगर कोई गड़बड़ी न पड़े तो आसानी से रिवाज पड़ जायगा कि वह दूसरी जगह शादी कर सके, लेकिन आप इस को क्यों डालते हैं । जो लोग बाइगेमस (bigamous) होते हैं तो उन की मर्जी से नहीं होता बल्कि फोर्स्ड सर्कम्स्टान्सेज (Forced circumstances) से होता है । जो भाई मर जाता है उस के दूसरे भाई को अपनी इच्छा के विरुद्ध भी बाइगेमी के रिवाज को मानना पड़ता है ।

श्रीमती दीक्षित : मैं आप से एक बात पूछना चाहती हूं कि क्या यह चीज़ सही है कि एक स्त्री है, उस के चार छः बच्चे हैं, उस की भावज है, उस के चार छः बच्चे हैं, उन सब को इकट्ठा कर दिया जाय तो जौर सौतपन रहता है उस से उन में संघर्ष नहीं होता और क्या यह सिद्धान्त अन्याय नहीं है कि एक स्त्री को उस की इच्छा के विरुद्ध भी मजबूर किया जाय कि वह दूसरे आदमी से शादी करे ?

सरदार हुक्म सिंह : भगवान की इच्छा से ।

चौधरी रनबीर सिंह : रिमैरिज (remarriage) से आप का मतलब है तो म कहूंगा कि नहीं रिमैरिज भी तभी हो सकती है जिसे ज़ाल्ले में समाज करे, लेकिन बहुत सी बहिनें ऐसी होती हैं जो इसे ज़ाहिर नहीं कर सकतीं । स्त्री को मरे जहां १३ या १४ दिन हुए, आदमी यह ज़ाहिर कर देता है लेकिन बहिनें ऐसा नहीं कर सकतीं क्यों कि जैसा हमारा समाज बना है उस में ऐसा हो ही नहीं सकता । और उसे बदलने के लिये काफी वक्त चाहिये था । लेकिन अगर उन की मंशा यह थी कि एक भाई है, उस के दो तीन बच्च हैं, एक उस की बीवी है, दूसरा भाई मरने वाला है, उस के भी दो तीन बच्चे हैं, बीवी है, अगर उन लोगों को इकट्ठा कर दिया जायगा तो उस से मुश्किल होगी, दिक्कत होगी, अगर वह यह पूछना चाहती हैं तो मैं इस की तरफ भी आ रहा हूं । मैं मानता हूं और हमारे समाज में हर एक आदमी मानता है कि कोई आदमी राज़ी से बाइगैमी नहीं करता,

और वह बहिन भी मजबूर होती है क्योंकि एक तरफ़ तो उसे बच्चों का प्यार है, वह उनको छोड़ नहीं सकती, दो तीन बच्चे हैं, आखिर कहां जायें । वह यह भी नहीं कह सकती कि मेरी रिमैरिज करने की इच्छा है, और घर के दूसरे लोग भी उन बच्चों को छोड़ नहीं सकते, तो सवाल यह पैदा होता है कि वह अपने बच्चों को अपने साथ ले जाये। लेकिन यह हमारे समाज का रिवाज है, और मेरी समझ में आप कोई भी कानून बनायें, आप इसे नहीं बदल सकते । यह कोई दिल्लगी की चीज़ नहीं है । वह स्वयं इस को बदल सकते हैं, लेकिन आप खुद आज इस को नहीं बदल सकते ।

हमारे यहां एक और प्रथा है, यह अपना विश्वास है कि एक खानदान जिस के बच्चे हैं, उस का नालायक से नालायक आदमी भी अपने बच्चों को दूसरे खानदान में नहीं जाने देता है। और इस के विपरीत कोई आदमी इस की चेष्टा भी करे तो उस की सज़ा हमारे यहां बड़ी कड़ी है आज भी । चाहे आप कह लीजिये कि हमारा समाज पिछड़ा हुआ है और उस का सुधारना भी बड़ी दिक़्क़त का काम है, लेकिन इस तरह की बात का नतीजा हमारे यहां अब भी क़त्ल है । तो अगर आप यह चाहते हैं कि हमारे समाज के अन्दर क़त्ल व ग़ारत की तादाद ज़्यादा बढ़े, पहले से ही पंजाब क़त्ल व ग़ारत के लिये ज़्यादा बदनाम है, वहां काफ़ी आदमी इस तरह के क़त्ल के सिलसिले में फांसी चढ़ते हैं, तो अगर आप उन की तादाद बढ़ाना चाहते हैं तो बेशक एक दम से जो क़ायदा कानून चाहे लागू कर दें और अगर आप चाहते हैं कि ऐसे क़त्ल व ग़ारत और फांसी की सज़ाओं में कुछ कमी हो तो मैं आप से प्रार्थना करूंगा कि आप भट्ट जी साहब का या भार्गव जी का जो संशोधन है उस को मान लें ।

तो मैं इस बात को बता रहा था कि इस के अन्दर क्या है कि वह बहन या तो इस बात पर मजबूर होगी कि तमाम उम्र विधवा बनी रहे, जैसा कि उस के समाज में अब से पहिले कभी नहीं था, अगर उसे अपने बच्चों से प्यार है, और अगर बच्चों से प्यार नहीं है तो अपने बच्चों को चोरी छिपा कर रात को उठा कर कहीं ले जाये । और अगर कोई हिम्मत वाला शख्स मिल गया और उस ने कहा कि चलो मेरे साथ मैं देख लूंगा दूसरों को, तो उस का नतीजा क्या होगा कि वह दुबारा विधवा होगी, या उस का मर्द फांसी पर चढ़ेगा । किसी सूरत में उस का सौभाग्य क़ायम नहीं रह सकता । यह वैसे तो काफ़ी बड़ी बात है, और डरावनी बात है, लेकिन एक सच्ची बात है ।

इस के बाद सगोत्र विवाह की बात है । कितने भाई हैं और कितनी बहिनें हैं जो शहरों में रहती हैं । मैं बताना चाहता हूं कि मेरा इस हिन्दू कोड बिल पर क्या रिऐक्शन (reaction) है । इस हाउस के अन्दर तो बहुत से भाई हैं, उन में से बहुत बड़ी तादाद उन लोगों की है जो शहरों में रहते हैं । जो शहरों में जन्मे, शहरों में पले और शहरों के क़ायदे क़ानून और तरीकों तक ही उन के ख्यालात महदूद हैं। उन के ख्याल से शहर की ज़िन्दगी में और देहात की ज़िन्दगी में कोई अन्तर नहीं है, इस का उन्हें कोई अन्दाज़ा नहीं है । मैं तो एक मामूली सी मिसाल देता हूं । एक शहर को लीजिये, वहां अगर कोई बहिन शादी नहीं करना चाहती तो कोई आपत्ति उस के ऊपर नहीं है कि तुम शादी क्यों नहीं करती । लेकिन अगर देहात में

[चौधरी रनबीर सिंह]

कोई लड़की १६ साल के ऊपर चली जाती है तो जहां उस के वाल्देन पर विपत्ति आ जाती है वहां उस बहिन पर भी आपत्ति आ जाती है। हर एक आदमी उस के पास आता है और पूछता है कि तुम इस लड़की को क्यों बाहर नहीं भेजते। उस लड़की की कितनी ही इच्छा क्यों न हो कि वह शादी न करे लेकिन वह शादी कराये बग़ैर नहीं रह सकती। उस को मजबूर किया जाता है, यह थ्योरी अच्छी भी हो सकती है, बुरी भी, लेकिन एक सच्चाई है। इस से आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि शहर की तरबियत और देहात की तरबियत के अन्दर कितना फ़र्क़ है और दोनों के लिये एक क़ायदा और क़ानून बनाना चाहते हैं। मेरे लायक दोस्त जांगड़े साहब बड़े ज़ोर से बोले। उन्हों ने दूसरों के लिये कहा। मैं कहता हूं कि मुझे शक है कि जांगड़े साहब शहर वाले बन गये हैं उन की तरफ़ चले गये हैं। अब वह शहर की बात समझने लगे हैं। वह अपनी बात कहना चाहते हैं, अपनी जगह वालों की नहीं। तो मैं आप से अर्ज़ कर रहा था कि जब तरबियत में इतना फ़र्क़ है, उन की सामाजिक नीति में आपस में इतना मतभेद है, उन के लिये एक क़ायदा और क़ानून बनाना चाहते हैं और कहते हैं कि उन की रीति रिवाजों में कोई अन्तर रखना कोई माने नहीं रखता, यह उन के साथ बड़ा भारी अन्याय है।

एक चीज़ और इस सिलसिले में मैं कहना चाहता हूं और वह है सगोत्र विवाह के बारे में। हमारी बहुत सारी बहिनों की दिल्ली की दिल्ली में ही शादी होती है। एक गली से दूसरी गली में उन का विवाह हो जाता है। छोटे छोटे शहरों में जिन की आबादी दस हज़ार की होती है उन में भी उन का विवाह एक घर से दूसरे घर में हो जाता है। उन को यह पता नहीं है कि हमारे यहां शादी का क़ायदा क्या है। हमारे यहां शादी के लिये कम से कम १५, २०, ५०, और सौ मील का फ़र्क़ होता है। अगर अपनी जाति में मैं अपने लड़के की शादी करना चाहूं तो अपने समाज के आज के रिवाज के मुताबिक मैं अपनी उपजाति में, जो कि २४ गांवों में और १० मील के रेडियस (radius) में रहती है, उस की शादी नहीं कर सकता। मैं उन २४ गांवों में से किसी गांव में अपने लड़के की शादी नहीं कर सकता। यही नहीं। उस के बाद फिर उस की जो मां है उस की उपजाति के जो तीस चालीस गांव हैं उन में भी उस की शादी नहीं हो सकती। उस के बाद आप आगे चलिये जो मेरी मां है उन की उप जाति के जो तीस चालीस गांव हैं उन में भी उस की शादी नहीं हो सकती। इस तरह से आस पास के कोई सौ पचास गांवों में हम शादी नहीं कर सकते।

श्री ए० सी० शुक्ला : यह अच्छी बात है या खराब बात है ?

चौधरी रनबीर सिंह। मैं ने यह दावा नहीं किया। मैं आप को नाराज़ भी नहीं करना चाहता जैसा कि डाक्टर साहब ने कर दिया। मेरी यहां डाक्टर साहब की सी हिम्मत नहीं है कि मैं कड़वी बात सुना सकूं। वह बड़े हैं और मैं तो एक छोटा सा मेम्बर हूं।

श्री राधेलाल व्यास। आप भी तो जाट हैं।

चौधरी रनबीर सिंह : मैं जाट तो हूं लेकिन मैं सरदार भूपेन्द्र सिंह मान जैसा, सिख जाट नहीं हूं। तो मैं आप को कड़वी

वातें नहीं सुनाना चाहता और इसी लिये मैं यह नहीं कहना चाहता कि मेरा कस्टम अच्छा या आप का अच्छा या यह कानून अच्छा। जो मैं आप के सामने रखना चाहता हूं वह आज के हालात हैं और वही मैं आप को बता रहा था कि सौ या १२० गांव छोड़ कर मुझे अपने बच्चे की शादी करनी होगी। तो उन बहिनों को जो छोटे छोटे कस्बों या बड़े शहरों में रहती हैं और जिन का विवाह एक गली से दूसरी गली में हो जाता है उन को क्या मालूम कि हमारे सामने क्या मसले हैं और हमारी क्या मुश्किलात हैं ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इस मामले में हिन्दू ला में और आप के ला में कोई फ़र्क नहीं है ।

चौधरी रनबीर सिंह : फ़र्क न हो लेकिन डेवेलपमेंट (development) में फ़र्क है। तो आज भी, जैसा कि मैं ने आप को बतलाया, हम इतने गोत्र छोड़ कर शादी करते हैं और आज किसी की हिम्मत नहीं है कि इस के विरुद्ध कर सके। तो कोई नालायक़ से नालायक़ आदमी—जिसे आज के समाज के अनुसार नालायक़ ही कहेंगे हो सकता है कि कल के मुताबिक़ उसे उन्नत कहा जाय—भी ऐसा नहीं कर सकता । किसी की ऐसा करने की हिम्मत नहीं हो सकती। लेकिन आज आप उसे इस कानून में अधिकार देते हैं ?

श्री ए० सी० शुक्ला : आप क्या चाहते हैं ?

चौधरी रनबीर सिंह : मैं शुक्ल जी को यह बतलाना नहीं चाहता कि मैं क्या चाहता हूं। मैं तो यह बतलाना चाहता हूं कि हालात क्या हैं। इसी लिये मैं कहता हूं कि भट्ट साहब का अमेंडमेंट मान लीजिये और हम को दस साल का मौका बदलने के लिये दे दीजिये । अगर हमारी बात ठीक होगी तो आप बदल जायेंगे और आप की बात ठीक होगी तो हम बदल जायेंगे। इसी लिये मैं उन की तरमीम की ताईद करता हूं ।

तो मैं आप से बता रहा था कि सगोत्र विवाह आज भी हमारे समाज में नहीं हो रहा है। लेकिन क़ायदे और क़ानून की बड़ी ताकत होती है। शायद कोई हिम्मतवर निकले और इस क़ानून का सहारा ले कर अगर उसी गांव में ही शादी करना चाहे या उस गोत्र में शादी करना चाहे तो उस का क्या नतीजा होगा ? उस का भी वही नतीजा होगा जो कि मैं ने पहिले बताया। मैं इस चीज को बहुत ऐग्रेवेट (aggravate) नहीं करना चाहता लेकिन मैं आप को यह सच्चाई बतलाना चाहता हूं कि आज के हमारे समाज में यह तनज़्ज़ुली है कि अगर मेरे खानदान में किसी ने ऐसी शादी कर ली तो यह कोई नहीं पूछेगा कि मेरे क्या विचार हैं। अगर मेरा भाई कोई इस क़िस्म की ग़लती करता है तो हो सकता है कि मुझे भी कोई क़त्ल कर दे यह समझ कर कि यह उस का भाई है, चाहे मेरे विचार उस के विरोध में हों या उस के पक्ष में। इस बात को कोई नहीं पूछेगा। हमारे समाज की यही हालत है । वहां तो यह देखा जाता है कि एक भाई क्या करता है और समझ लिया जाता है कि दूसरा भाई भी उस के साथ है। यहां पर एक भाई कम्युनिस्ट (Communist) हो सकता है, दूसरा सोशलिस्ट (socialist) हो सकता है और तीसरा कांग्रेसाइट (Congressite) हो सकता है । एक लड़का किसी का भारत जन संघ का मैम्बर हो सकता है और उस का दूसरा भाई दूसरी पार्टी का हो सकता है। और

[चौधरी रनबीर सिंह]

धर्म में भी अदल बदल हो सकती है। लेकिन हमारे यहां यह बात अभी तक बनी हुई है कि अगर किसी खानदान में एक आदमी कांग्रेसी हो गया तो वह सारा कुनबा कांग्रेसी समझा जायगा चाहे वह हो या नहीं। तो इस किस्म की हमारे समाज में हालत है। आप उसे जो कुछ कहें उन्नति कहें या तनज्जुली कहें। तो इन हालात में मेरी आप से यही प्रार्थना है कि मैं इस बात के हक़ में हूं कि मानोगैमी समाज के लिए बहुत अच्छी है और हिन्दुस्तान जैसे देश में और खास तौर पर जिस बिरादरी का मैं हूं उस के लिये अर्थात् जाटों के लिये तो यह वैसे भी ज़रूरी है क्योंकि हमारे यहां लड़कियां थोड़ी हैं और लड़के ज्यादा हैं। तो अगर कोई भाई दो विवाह कर लेगा तो किसी का हिस्सा कम हो जायगा। अगर मानोगैमी रहेगी तो कुछ ज्यादा भाइयों की शादी हो जायेगी। शायद इस देश में कुछ हिस्से ऐसे हों जहां भाइयों से बहिनें कुछ ज्यादा हों।

सरदार बी० एस० मान : मद्रास में।

चौधरी रनबीर सिंह : तो हमारे यहां का हिन्दू जाट तो इतना उन्नत नहीं है कि वह मद्रास पहुंच जाय, सिख जाट भले ही पहुंच जायें। इस लिये मैं तो मानोगैमी को ठीक समझता हूं। लेकिन हमारा समाज इतनी उन्नति नहीं कर पाया है या इतनी तनज्जुली नहीं कर पाया है कि हम मान जाय कि यह सगोत्र विवाह ठीक है। इस को आप दस साल के लिये अपनी किताब में जमा रखें। दस साल के बाद उस पर फिर ग़ौर कर लिया जायगा। अगर ठीक होगा तो मान लेंगे और अगर उस वक़्त तक समाज की उतनी तरक्की नहीं हुई तो वह क़ायदा किताब में ही रहेगा। जिसे हम फोर्स्ड बाइगैमी (Forced bigamy) कहते हैं उसे हम अच्छी चीज़ नहीं मानते हैं लेकिन उस का रिवाज समाज में चालू है और हमारे यहां उस की बहुत ज्यादा तादाद नहीं है। इस के लिये आप हम को दस साल का वक़्त दे दीजिये।

अन्त में मैं फिर दोबारा डाक्टर साहब से यह निवेदन करना चाहता हूं कि मैं डाक्टर साहब की सब बातों का पूरे तौर पर हामी हूं, लेकिन मैं फिर भी उन से यह प्रार्थना करता हूं कि वह या तो भट्ट जी के संशोधन को मान लें या भार्गव जी के ४२० नम्बर के संशोधन को मंजूर कर लें।

(English translation of the above speech)

Ch. Ranbir Singh (Punjab): I have risen to support amendments No. 420 proposed by Pandit Thakur Das Bhargava and No. 288 of Shri Bhatt. Shri Bhatt by his amendment means that if some customs or usages clash with the Hindu Code Bill, then that clash should not be regarded in the light that the custom is abolished, but it should be allowed to continue for ten years and after that period it should be regarded as finished. Amendment No. 420 by Pandit Thakur Das Bhargava means that those customs which are in accordance with the Hindu Code Bill should be regarded as abolished; and those customs which are left, their power or their legality should be retained. Whatever has been said by my learned friend Shri Pande I agree to that and this thing is right and very much heartening. The real purpose of the Hindu Code Bill was considered to be that this Bill was being brought forward to introduce some reforms in the country to remove the prevailing social evils from the society and to bring about some changes in it. How many people would be affected by it has to be taken into consideration and as he said I regard the imposition of this Hindu Code Bill from the backdoor upon those people of this country who

were free from it uptil now, as an act of abuse of power.

Shri A. C. Shukla: Even if they do not want it they must have it.

Ch. Ranbir Singh: Shri Shukla has not understood the meaning of the word imposition used by me, or he has not heard it properly. If he says that the imposition which I have said is wrong then perhaps I would like to know from him whether he can quote any example in which any person from the Punjab, may he be a Hindu or a Sikh or a Muslim, has ever raised his voice that their customary law should be abolished and in place of that they should have the law of Manu, or of Yajnavalkya or of anybody else.

Shri A. C. Shukla: When they will become educated they would demand that.

Ch. Ranbir Singh: Parhaps Shri Shukla does not know how dynamic personalities have borne in our Punjab who have challenged the authorities of our country. Although, I do not support them but this is an historical fact that during the recent years nobody had been able to defeat a Congress candidate in the Hindu majority areas, but in the Punjab there was a constituency in Hariyana, which is a Hindu majority area, in which Ch. Chottu Ram had defeated a Congress candidate.

Dr. Ambedkar: Ch. Chottu Ram was a great friend of Hindus.

Ch. Ranbir Singh: In case the hon. Dr. Ambedkar has got any document or any other proof about it, I am ready to accept that. But as far as his objective is concerned I am not opposed to that. I am a supporter of monogamy and I want that in some special circumstances arrangement for divorce should also be made so that when some difficulty is felt on both sides, by the man as well as by the woman in living together, a way must be found out to save them from that difficulty. But along with it I cannot help saying that this attempt is nothing but an act of abuse of power, because we should have applied this Hindu Code Bill to those only who wanted to be governed by it.

Since this question of Hindu Code Bill has come before this House, it has taken several months and many a day has been spent upon it, I tried hard to snatch some minutes so that I might express my views about it, but unfortunately I could not get a chance. Unfortunately, when Sardar Man spoke about it, instead of coming to the right thing he got himself entangled in the labyrinth of the Sikh religion, perhaps he might have thought that in this way his point would be more forceful or there might have been some other reason. However, I think that this question is not related to Sikhism alone, this is a question pertaining to the customary laws of the whole of the Punjab. I want to bring to the notice of the hon. Dr. Ambedkar that even in such a time when such Brahmanic rules and regulations with regard to the living and customs of the country and the society were being enforced rigidly, *viz.*, one could not go in a particular direction on Mondays or on Tuesdays or on Saturdays, the martial race of the Jats in the Punjab, to which I and the hon. Sardar Baldev Singh belong, did not yield to the Brahmanic rules and it has not done so even now. I want to submit that really in our society there is no likelihood of any appreciable opposition to the two provisions relating to monogamy and divorce, and I am not personally against them, but I am opposed to the method and manner which you are resorting to. And the manner or the backdoor method through which it has developed is not a proper one. This is not because I regard myself a non-Hindu but I do feel that we have never been governed by the Hindu Code and it has never been enforced with regard to us. I doubt your intentions that you can govern by the backdoor policy those whom you could not enslave mentally. I disagree with you to a great extent with regard to the rules and regulations which you are enacting in respect of marriage and divorce without caring for the prevailing customs. I want to state with respect to this that many reformers of society have done a great many reforms in the Hindu Society with regard to the widow's plight but I want to point out that a young widow has remained an unknown thing to our society from times immemorial. Our society does not know the name of a young widow. Because it is a custom in our community that when the husband of a woman dies, then after a year of his death the brothers and parents of the widow and the relations of her late husband meet together and in spite of the shyness, as is common everywhere in our Hindu society, and against her formal wish, that she would herself bear the distress that has befallen her, and in spite of her refusal she is told that this is not possible. It may be said that her ideal is good, but how many people are there who can follow such a high ideal? The people of our society doubt whether such a lofty ideal which you are going to establish in our society would not create any evil in our society. Therefore, you should recognise our simple custom of remarriage and not invalidate it. So

[Ch. Ranbir Singh]

I wanted to support the proposition laid down by Shri Bhatt. Now I mention the reasons for that.

On the one hand where your rules and regulations wanted to reduce the troubles of our womenfolk, and they have reduced them to a great extent, on the other hand their troubles have been increased manifold. And that is because you have given them a sort of right to marry wherever they want. In the ordinary way, if no extraordinary trouble arises it would easily become a custom that they could remarry, but why do you lay down this restriction? Generally people are not bigamous of their own will but they are forced by circumstances. If a brother dies, his brother has to concede to the custom of bigamy against his wishes.

Shrimati Dixit: I want to ask you a question. There is a woman, who has got four or six children, there is her husband's brother's wife, she also has got four or six children. If they are made to live together would not the co-wifely feeling create trouble between them? Is it not unjustifiable on principle to force a woman to marry another man against her wishes?

Sardar Hukam Singh (Punjab): By the will of God.

Ch. Ranbir Singh: If you mean remarriage by that, I would say no; remarriage is possible only when it is regularly sanctioned by society, but there are many women who cannot express their desire. After thirteen or fourteen days of his wife's death a man may express it, but the women cannot do so due to the peculiar set-up of our society such a thing is impossible, and ample time is required to change that. But if she meant this that if there is a brother, who has got two or three children and a wife and he has a brother who is about to die, and he also has got two or three children and his wife, that if they are made to live together it would create difficulties and trouble would arise, if she wants to know about that, I am coming to that point also. I confess it and everybody in our society would confess it that nobody resorts to bigamy willingly and that the woman is also helpless, because she loves her children and she cannot leave the two or three orphans, for where could they find shelter. She cannot say that she wants to remarry and the other members of the household also cannot leave the children, then the question arises whether she should take her children with her. But this is a custom in our society and I think, you may enact any law but you cannot change it. This is not a matter of joke. They themselves could change it but you cannot change it today.

There is another custom in our society. It is their belief that even the most foolish man belonging to a particular family would not allow his children to go to another family. And if a man tries to do so a very severe punishment has been prescribed for him in our community. Even if you say that our community is backward and it is very difficult to improve it, the result of such an action among us is still murder. If you want that the number of murders and assassinations should increase in our society,—the Punjab is already notorious for murders and assassinations, for many people are hanged there for such murders etc.—if you want to increase their number you are at liberty to impose any rules and regulations on them immediately. But if you want to decrease the number of murders and assassinations and the sentences of death, I would request you to accept the amendment of Shri Bhatt or of Shri Bhargava.

So I was saying that either a woman, if she loves her children, will be forced to live as a widow for the rest of her life, as has never been done in her community before, or, if she does not love her children, she might take them stealthily to some other place at night and if she meets some daring person who says that he would see how others could harm him the result would be that either she would become a widow again or her husband would be hanged. But, in any case, she would not remain a fortunate wife. Though this is a big and a terrifying thing, but it is a fact.

Then there is the question of *sagotra* marriage. How many men and women live in the cities? I want to state my own reactions about this Hindu Code Bill. In this house the majority of members come from the urban areas. Those who were born and brought up in the cities confine their thoughts to the rules and regulations and manners and customs of the cities. They think there is a vast difference between townlife and village life, they have got no experience about it. I give a simple example. For instance, take the case of a city. If a woman there does not want to marry nobody would object. But if in a village a girl attains about the sixteen of age not only does distress befall her parents but that girl is persecuted too. Everybody comes to the father and says, "why do you not arrange for the marriage of your girl?" The girl

might be bitterly opposed to marriage but she cannot avoid marriage. She is forced to do so; this theory might be good or bad but this is a fact. From this very example you can differentiate between the mode of life in a town and that of a village and see how much difference is there between them; and still you want to enact a common law for the both. My friend Shri Jangde spoke so forcefully. He spoke for others but I suspect Shri Jangde has become a townsman or has gone to their side. He is coming to appreciate the urban way of life. He wants to tell his own tale and not that of the people of his own place. So I was submitting that when there is so much difference between the two modes of life, there is such a vast difference between their social conditions, and you want to enact a law which will be applicable to all irrespective of their customs and usages, it would be a great injustice to them.

There is another point I would like to touch upon in this connection and that is with regard to *sagotra* marriage. Unlike the customs obtaining among us in Punjab, here we find that most of the girls are usually married locally. Taking the case of Delhi itself, it will be seen that girls from one part of the city are married in the other part of the city. Even in the small towns having a population of say ten thousand they are married likewise. Under the circumstances. they are not conversant with the customs regarding marriage prevailing among us. In keeping with the custom obtaining among us, I cannot get my son married among my own subcaste which is spread over as many as 24 villages situate within a radius of no less than ten miles. It is not that he cannot be married in only those 24 villages, even the villages numbering about 30 to 40 where the families of his mother's subcaste are settled are ruled out for the purpose of such matrimony. Things do not end here. I cannot get my son married to a girl from any of the thirty to forty villages, where people of my mother's subcaste live. That is to say, I cannot find a bride for my son from amongst a hundred neighbouring villages or so.

Shri A. C. Shukla: Is it a healthy practice or otherwise?

Ch. Ranbir Singh: I never laid any claim to this effect. It is none of my intention to annoy him in the way the hon. Doctor did. Unlike him I cannot dare utter anything unpleasant things. In contrast with the big personality of the hon. Dr. Ambedkar I am but an humble Member.

Shri Radhelal Vyas (Madhya Bharat): But you are also Jat.

Ch. Ranbir Singh: Of course, I am, but not a Sikh Jat like Sardar Bhopinder Singh Man. I do not want to enter into any controversy—and thereby cause offence to anyone—as to whether our custom is better or others' or whether or not this measure is of any use. What I want is simply to apprise you of our customs which, for instance, prevent me from getting my son married in about as many as one hundred to one hundred twenty villages. How under such a state of affairs, can those women residing in small towns or even in big cities, be supposed to have any real estimate of the extent of hardships and difficulties which we are subjected to while facing such issues, because for them marriage is no more than a mere routine affair that could be performed from one *mohalla* to the other?

Pandit Thakur Das Bhargava: There is no difference between Hindu Law and your law in so far as this matter is concerned.

Ch. Ranbir Singh: There may not be any difference in the laws but the developments do vary. According to our customs we cannot establish matrimonial connections among some certain *gotras*. None can dare go against such a custom. Even the most backward person—under the present social structure such a man is bound to be treated as such, although in future he may be called progressive —cannot possibly take such a step. In fact none has got so much courage. so to say. But what you are doing today is, if I may say so, simply enabling such a man, by law, to take such a step.

Shri A. C. Shukla: What is it that the hon. Member wants?

Ch. Ranbir Singh: I am not going to say what I want. I would, on the other hand, only want to apprise the House of the various customs prevailing. That is why I am pleading for Shri Bhatt's amendment to be accepted. Let developments be closely watched during the next ten years. The truth will express itself in the right manner. If our course of action would be correct you would, I am sure, change over to our side or, otherwise, we would do the same thing.

So I was referring to the fact that even in the present days *sagotra* marriages are not being performed. But there is no denying the fact that rules and regulations have great force on their back. Supposing a man

[Ch. Ranbir Singh]

with the help of this law seeks to get married in the same village or among the same *gotra*, what would be the possible consequences? He is likely to meet the same fate as I have described earlier. It is not that I want to exaggerate things in any way, but, all the same, let me point out what I consider to be a serious drawback in our present day society. Supposing any member of my family gets married in such a manner, nobody would care to ascertain my views in the matter. If my brother commits any wrong of this type, it may be that I may also be murdered simply because I happen to be his brother, regardless of the fact whether my views are in his favour or otherwise. None is going to ask me to explain my viewpoint. Such is the sorry state of affairs in our community. Indeed how strange it looks that they judge the doings of one brother from those of the other! Here, in your society, three brothers can hold three different views—one can be a Communist, the second a Socialist and the third a Congressite. To be more precise, if a man here is a member of the Bharatiya Jan Sangh, it is open to his brother to join any other party. But things at our end are quite the reverse. If any one member of a certain family there joins Congress, the entire family would be automatically deemed to be Congressite regardless of the fact whether it be so or not. Such is the condition of our community. Now it is for you to call it whatever you like—progress or otherwise. I, for one, under such circumstances, stand for monogamy in our society. In a country like ours, especially in a community which I belong to, namely Jats, monogamy is particularly essential, for among us the number of boys is more than girls. A man can have two wives only by encroaching upon the share of any one of his fellow beings. Under the practice of monogamy, comparatively larger number of men would be provided with wives which is otherwise not possible. It is just possible there may be such regions in this country where the number of women is more than men.

Sardar B. S. Man (Punjab): In madras they have.

Ch. Ranbir Singh: But the difficulty is that a Hindu Jat of our side is not so broad-minded as to go as far as Madras: a Sikh Jat may go. I for one consider monogamy to be a step in the right direction; but the difficulty is that our society has not yet so advanced, or shall I say, degenerated, so as to agree to the practice of *sagotra* marriage. Let it be postponed for ten years, after that this issue may be taken afresh for consideration. If by that time the society succeeds in reaching that height of advancement, which would clear the field for such steps, we would accept it; otherwise it would keep on pending. We do not, of course, approve of the practice of what we call forced bigamy, but, all the same, the practice continues in our society, though it is not so common. Give us ten years' time during which we may make efforts to do away with such a practice.

In the end, once again I take this opportunity to submit to the hon. Dr. Ambedkar that although, I am a wholehearted supporter of this measure, I would like him to accept either Shri Bhatt's amendment or amendment No. 420 moved by Shri Bhargava.

Shri Sivan Pillay (Travancore-Cochin): Sir, let the question be now put.

Captain A. P. Singh (Vindhya Pradesh): No, Sir. At least those who have moved amendments may be given an opportunity to speak.

Sardar B. S. Man: Yes, Sir. This is a very important point.

Mr. Deputy-Speaker: I shall call Mr. Jhunjhunwala and after him Shri Bhatt. They have tabled amendments.

Shri Syamnandan Sahaya: Sir, I have also tabled amendments.

Mr. Deputy-Speaker: I shall call them in this order, and then I shall consider any other name.

12 NOON.

श्री झुनझुनवाला : उपवाचस्पति जी, जो मेरे तीन संशोधन हैं ये कांस्टीट्यूशन (Constitution) पर निर्धारित हैं। मेरा पहिला संशोधन यह है कि जब यह कोड पास कर दिया जाय और इस बिल में कोई ऐसी चीज़ हो कि जो किसी धर्म के विरुद्ध हो तो इस बिल की कोई भी धारा वर्तमान कानूनी धारा को ओभरराइड (override) नहीं करेगी। दूसरे में यह है कि यह कोड पास कर दिया जाय और इस कोड में कोई ऐसी चीज़ हो जो मारैलिटी के विरुद्ध हो तो वह धारा वर्तमान कानून और रिवाज को रद नहीं करेगी। मेरा तीसरा संशोधन यह

है कि यह कोड यदि पास कर दिया जाय और इस कोड में यदि कोई ऐसी चीज़ हो जो कि किसी के कल्चर (culture) के विरुद्ध हो तो वह वर्तमान कानून को रद्द नहीं करेगी ।

उपवाचस्पति जी, जब मैं ने यह तीसरा संशोधन पेश किया था उस समय आप ने कहा था कि यह कल्चर शब्द जो है सो कैसे डिफ़ाइन (define) होगा और इस का क्या रूप होगा । इस सम्बन्ध में मैं ने कल ग़लती से कह दिया था कि कांस्टीट्यूशन में १२९ धारा है, उस में यह अधिकार दिया गया है कि हर एक सैक्शन को यह अधिकार होगा कि वह अपनी संस्कृति को बचा कर रखे । परन्तु वह ग़लत चीज़ थी । यह चीज़ आर्टिकल २९ में है, वह इस तरह है

"29. (1) Any section of the citizens residing in the territory of India or any part thereof having a distinct language, script or culture of its own shall have the right to conserve the same."

अतएव मैं ने यहां पर जो शब्द रखा है वह कल्चर व्यवहार किया है । इस लिये यदि कोई भी चीज़ इस हिन्दू कोड में ऐसी हुई जिस की वजह से कि कोई भी सैक्शन किसी भी कम्युनिटी के किसी भी धर्म या कल्चर के प्रिज़र्व (preserve) करने में बाधा देती है तो वह इस कोड में नहीं आ सकती है । ऐसा कांस्टीट्यूशन का कहना है । अब मेरे जो संशोधन हैं, इन संशोधनों के बारे में मैं पीछे कहूंगा । इस का कारण यह है कि आप की यह रूलिंग (ruling) है कि यदि कोई अपने संशोधन पर बोलना चाहता है और उस को और किसी दूसरे संशोधन पर या क्लाज पर बोलना हो तो वह उसी समय बोल ले, पीछे उस को बोलने का अधिकार नहीं रहेगा । इसलिये पहले मैं जो क्लाज़ है उस पर बोलना चाहता हूं । उस क्लाज़ पर बोलने के बाद में अपने संशोधनों पर बोलूंगा और इस तरह मुझे अपने संशोधनों पर बाद में बोलने से कुछ सुभीता भी होगा ।

उपवाचस्पति जी, जब यह हिन्दू कोड रखा गया था, और अब इस का नाम मैरिज एंड डाइवोर्स अमेंडमेंट एक्ट (Marriage and Divorce Amendment Act) रख कर के पास किये जाने का इरादा है, तो उस में दो बातें बताई जाती हैं । दो बातों की दुहाई दी जाती है, कि उन दो बातों की वजह से हम यह हिन्दू कोड या मैरिज और डाइवोर्स अमेंडमेंट ऐक्ट लेना चाहते हैं । वे दो बातें क्या हैं ? एक चीज़ तो यह है कि यह चीज़ प्रोग्रेसिव (progressive) है । दूसरी बात क्या है ? वह यह है कि हमारी बहिनों को जो अधिकार अभी तक नहीं था वह अधिकार इस में दिया जाता है। अभी तक पुरुष लोग बहिनों के ऊपर अत्याचार करते आये हैं, उन अत्याचारों को दूर करने के लिये यह कोड बनाया जा रहा है । अब मैं यह देखना चाहता हूं कि यह कोड प्रोग्रैसिव है या नहीं । प्रोग्रेसिव शब्द का अर्थ हमारे ला मिनिस्टर साहब ने कुछ भी नहीं बतलाया है कि कौन सी चीज़ प्रौग्रेसिव है । उन्हों ने हिन्दू धर्म के ऊपर कहते हुए जब इस ओर से यह कहा गया कि हिन्दू धर्म बहुत ही पुराना धर्म है और यह हिन्दू धर्म विज्ञान पर निर्भर करता है, सच्चे विज्ञान पर निर्भर करता है, और इसी लिये यद्यपि इस धर्म के ऊपर कई तरह के अत्याचार हुए परन्तु सब अत्याचारों को सहते हुए भी आज यह हिन्दू धर्म क़ायम है, इस को चाहे हिन्दू धर्म कहिये, चाहे सच्चा धर्म कहिये यह धर्म क़ायम है, तो इस का जवाब देते हुए हमारे ला मेम्बर

[श्री झुनझुनवाला]

साहब ने कहा कि बुद्ध देव ने आ कर सच्चा रूप बताया है कि धर्म का क्या रूप होना चाहिये। वह जो हमारे बुद्ध देव हैं वह इस बात को नहीं सह सके कि हमारी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है और उन को कुछ अधिकार नहीं है। पुरुषों को अधिक अधिकार दे दिये गये हैं और वे हमारी बहिनों पर अत्याचार कर रहे हैं। यह इस प्रकार का भेद देख कर हमारे बुद्ध देव जी को बड़ी चोट लगी और इस लिये उन्होंने कहा कि सबों को समानता मिलनी चाहिये और किसी में भी कुछ भेद नहीं होना चाहिये। इस बात को कहने का मेरा अभिप्राय यह है कि श्री बुद्ध देव जी की बात के ऊपर आप यह कोड लाये हैं और वह भी एक बड़े व्यक्ति और बड़े धार्मिक व्यक्ति थे। इस लिये, उपवाचस्पति जी, बुद्ध देव क्या चाहते थे और क्या करना चाहते थे और उन का मुख्य उद्देश्य क्या था, यह बात उन को देखनी चाहिये। इस समय हम को एक महाराष्ट्र साधू ज्ञानेश्वरी महाराज की बात याद आ गई। उन्हों ने एक दोहा कहा है जो अभी हम को याद नहीं है उसकी एक आरव्यायिका है कि एक तालाब में जिस में कमल लगे थे, दो जन्तु घुसे, एक मेंढक और दूसरी मधुमक्खी। मधुमक्खी ने तो कमल पर बैठ कर उस का शहद चूसा और अपने साथ बाहर खुश्बू की चीज और मधु लाई, लेकिन मेंढक जो उस तालाब में घुसा, वह अपने संग बाहर कीचड़ और गन्दगी लाया।

[SARDAR HUKUM SINGH *in the Chair*]

मुझे तरस आता है यह देख कर कि जहां बुद्ध देव ने यह बात सिखाई है कि जितनी भी हमारी डिज़ायर (desire) हों, अभिलाषायें हों, अर्थात् जो हमारी पाशविक डिज़ायर्स हों, उन को जितना हम जीत सकें और रोक सकें वह अच्छा है ताकि हम मनुष्य मात्र की और समाज की सेवा कर सकें। यह खास चीज बुद्ध देव की टीचिंग्स (teachings) में थी, परन्तु यह बड़े दुख और आश्चर्य की बात है कि हमारे ला मेम्बर साहब को वह चीज उस में नहीं मिली। उन को क्या चीज मिली, पुरुषों को बहुविवाह करने का अधिकार है, इस को रोकने के लिये हमारी महिलाओं को डाइवोर्स का अधिकार नहीं है, इस लिये उन को डाइवोर्स का अधिकार देना चाहिये ताकि उन में समानता हो। अब सदस्यगण और अध्यक्ष जी, इस के ऊपर आप लोग ज़रा ग़ौर कीजिये कि यह जो समानता दिलाने का प्रयत्न किया जा रहा है, यह किस प्रकार की समानता है।

Dr. Ambedkar: Is this all relevant on clause 4? Let us have some regard for relevancy. We could not altogether abandon the rule of relevancy.

Pandit M. B. Bhargava: Relevancy is not the sole monopoly of the Law Minister?

Mr. Chairman: I would request hon. Members to leave this question to me. The hon. Minister has asked me to decide it.

Pandit M. B. Bhargava: But he himself pronounced the judgment—he did not refer it to you.

Dr. Ambedkar: Relevancy ought to be also your monopoly—not only mine.

Pandit M. B. Bhargava: It is yours...

Mr. Chairman: There should not be any cross-questions and answers. I would again request hon. Members to have greater restraint on themselves. I would ask the hon. Member who is speaking that he should be more relevant in his speech.

श्री झुनझुनवाला: I was quite relevant in pointing out as to where the equality exists and where it is that we should give equal right to the women. हमारे माननीय मित्र पंडित ठाकुर दास भार्गव जी ने जो फरमाया था कि.....

Mr. Chairman: I must tell him that that is not the real issue just at the moment, that is whether equality should exist or not. He may refer to custom and other things, but equality is not the direct issue at this moment. We should have regard to that.

श्री झुनझुनवाला : मैं सभापति जी, आप को बताना चाहता हूं कि इस चीज का डाइरेक्ट इश्यू (direct issue) क्या है। मैं ने आरम्भ में कहा है कि हमारे ला मेम्बर साहब ने इस ला को पेश करते हुए दो दुहाइयां दी हैं पहली दुहाई तो उन्हों ने यह दी है कि जो चीज उन्हों ने पेश की है वह प्रौग्रेसिव है। दूसरी दुहाई उन्होंने यह दी है कि हमारी महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त नहीं हैं और उन्हीं दुहाइयों में यह चार क्लाज कहता है कि जितनी भी चीज उस में लिखी गई है, वह ही केवल कायम रहेगी, और सब को ओवर-राइड कर देगी। मैं यहां पर यह दिखलाने की चेष्टा करूंगा और जैसा कि मैं ने संशोधन में भी कहा है, मैं पहिले इस क्लाज पर बोलूंगा और यदि यह जो कानून बनाया गया है उन दोनों दुहाइयों का समर्थन नहीं करता है और यदि यह दो दुहाइयां ठीक नहीं पाई जाती हैं, तो मेरी समझ में यह कानून ही खराब है, अतएव इस अमेंडमेंट पर वह चीज इसलिये लागू होती है कि यह अमेंडमेंट ही नहीं रहना चाहिये। इसलिये मैं मेम्बरों को यह समझा रहा हूं कि यह चीज जो रखी गई है एक दम गलत है और यथार्थ में वह दोनों दुहाइयां इस से पूरी नहीं होती हैं। इस को आना ही नहीं चाहिये। इसी बात को मैं आप लोगों को अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार समझाने की चेष्टा कर रहा था और यदि आप की आज्ञा हो तो मैं इस सम्बन्ध में कुछ थोड़ा और निवेदन करूं। कारण यदि यह चीज साफ़ नहीं की जाती है, तब तो फिर इस में कोई चीज ही नहीं रह जाती है। मैं आप को बताना चाहता हूं और यह दिखलाना चाहता हूं कि यह जो कानून बन कर हमारे सामने आयी है, वह न तो प्रौग्रेसिव है, और न ही वह हमारी बहिनों को सच्चा और वास्तविक अधिकार ही देता है, जैसा कि इस को पेश करते वक्त दुहाई दी गई है। यदि इस समय प्रापर्टी (property) क्लाज लिया जाता, वह चीज यदि इस समय पेश की जाती, तो मैं कहता कि हां, ठीक है चूंकि हमारी बहिनों को प्रापर्टी के सम्बन्ध में समान अधिकार प्राप्त नहीं हैं, वे बड़ी विपत्ति में हैं, उन के ऊपर अत्याचार हो रहा है। मेरी बहन दुर्गा बाई अभी यहां पर नहीं हैं। उन्होंने हम को बहुत दर्द भरी बातें जो मद्रास की तरफ औरतों के प्रति होती हैं सुनाईं और उन बातों को सुन कर हमें बड़ा अफसोस हुआ और जब प्रापर्टी क्लाज आयगा, तब उस के ऊपर बोला जायगा। यदि हमारे ला मेम्बर सचमुच में बहिनों का भला चाहते थे, और यदि इस सम्बन्ध में कुछ करना चाहते थे, तो उन को पहिले प्रापर्टी क्लाज लेना चाहिये था क्योंकि जब तक हमारी बहिनें आर्थिक क्षेत्र में स्वाधीन नहीं होंगी और उन की आर्थिक दशा नहीं सुधरेगी, तब तक औरतों को जो स्थान हम समाज में दिलाना चाहते हैं, वह प्राप्त नहीं कर सकतीं। मेरी समझ में नहीं आता कि फिर उस को पहले क्यों नहीं रखा गया है, मैं उन की नियत की कोई आलोचना नहीं करना चाहता, परन्तु यह कहे बिना नहीं रह सकता कि वास्तव में उन का यह अभिप्राय नहीं है जिस की वे दुहाई दे रहे हैं। उन का तो यह अभिप्राय था कि कोई न कोई ऐसा कानून लागू कर दें जिस से कि इस हिन्दू धर्म का हिन्दू समाज का और हिन्दू रीति रिवाजों

[श्री झुनझुनवाला]

और कस्टम्स (customs) सब का नाश हो जाय और इस हिन्दू समाज का नैतिक पतन हो जाय— उन का केवल अभिप्राय यही है और कुछ नहीं। अगर प्रापर्टी क्लाज़ लिया जाता और यह देखने का प्रयत्न किया जाता कि किस तरह अपनी बहिनों की आर्थिक अवस्था में सुधार किया जाय, तो वास्तविक लाभ हम कुछ उन का कर सकते थे अगर प्रापर्टी क्लाज़ को पहले लिया जाता। बड़े बड़े लोगों ने इस बात के लिये कहा, परन्तु हमारे ला मेम्बर साहब का सिर हिलता ही रहा और वह इस पर राज़ी नहीं हुए। वह कभी भी नहीं चाहते हैं कि इस पार्लियामेंट में कम से कम हम लोगों को यह श्रेय मिले कि हम लोगों ने अपनी बहिनों को एक ऐसी चीज़ दी जिस से कि उन की तकलीफ दूर हुई।

सभापति जी, जैसा कि मैं अभी कह रहा था कि मेरे मित्र भार्गव जी ने कहा कि डाइवोर्स ऐसी चीज़ नहीं है जिसे मैं पसन्द करता हूं। और भी जितने लोग हैं उन में से बहुत कम लोग हैं जिन्होंने इस का समर्थन किया है। इस का कारण यह है कि यह अच्छी चीज़ नहीं है। जिस दिन डाइवोर्स लागू हो जायगा, उस का नतीजा क्या होगा। रोज़ सुबह अखबार में हमारे युवक और युवती पढ़ेंगे, हमारे बृजकिशोर जी के गांव में बिहार में जो अखबार निकलेगा, हमारे श्यामनन्दन सहाय जी का जो पेपर अखबार निकलने वाला है वह रोज़ यह रिपोर्ट करेगा कि आज इतने डाइवोर्स हुए। फ़लाने फ़लाने में डाइवोर्स हुआ, वह रोज़ पढ़ेंगे। सब से पहले बृजकिशोर जी ने डाइवोर्स को बड़ी भारी चीज़ समझी है। वह उत्साह से ये पेपर पढ़ेंगे। मुझे अफ़सोस हो रहा है कि वह यहां पर नहीं है जिस से कि वह समझते कि वह कैसी पागलपन की बात कर रहे थे।

सभापति जी, मैं आप से यह कह रहा था कि हमारे ठाकुर दास जी ने कहा कि डाइवोर्स अच्छी चीज़ नहीं है, परन्तु हम डाइवोर्स क्यों रखना चाहते हैं। इसलिये कि डाइवोर्स के क्लाज़ में हम उन लोगों को यह हक़ देने जा रहे हैं, यह आप्शनल (optional) है। यह बहुत बड़ी चीज़ हो गई है। यह एनेबलिंग कलाज (enabling clause) है। हम एनेबलिंग क्लाज रखना चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि बहुत से एनेबलिंग क्लाज पास किये गये हैं यहां पर। उद्योग मंत्री भी करते हैं। वाणिज्य मन्त्री भी करते हैं। यह तो एनेबलिंग क्लाज है। इसी तरह से कोका कोला के लिए कहते हैं कि अगर बनता है तो बनने दो, यह तो एनेबलिंग क्लाज है। इसी तरह से डाइवोर्स का एनेबलिंग क्लाज है। मैं ठाकुर दास जी से पूछूंगा कि किसी घर में दो लड़के हैं। एक लड़के ने तीन विवाह किये, दूसरे लड़के ने अपने पिता से कहा कि भाई ने तीन विवाह किये हैं, और यह इतना खर्च करते है, हम आखिर क्या करें ?

डा० अम्बेडकर: वह चार कर ले।

श्री झुनझुनवाला: तो पिता ने कहा कि तू पांच कर ले। तो हमारे ठाकुर दास जी की थ्योरी से यह करना चाहिये कि एक बेटे ने तीन शादियां की तो दूसरा पांच करे, वह कम क्यों रहे। वह यह अधिकार देना चाहते हैं। ठाकुर दास जी की थ्योरी यह है। लेकिन हमारे श्यामनन्दन सहाय जी हैं, वह तो बड़े भारी बनिया हैं, वह क्या कहेंगे ? वह कहेंगे कि नहीं उस ने अगर तीन शादियां कर ली हैं तो उस को आज ही से घर से निकाल दो।

सभापति महोदय: मैं माननीय सदस्य से यह निवेदन करूंगा कि शादियां कितनी हों यह उस वक्त आयेगा जिस समय मोनोगेमी का सवाल आयेगा ।अभी तो कस्टमस (Customs), रूल्स (Rules) का ही सवाल है, इस के सम्बन्ध में जो कुछ आप कहना चाहते हैं, बेहतर है उसी के ऊपर आप रहें ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव: उन की मुराद यह है कि वह तीन स्त्रियों का डाइवोर्स करेगा, दूसरा पांच का करेगा ।

श्री झुनझुनवाला: सभापति जी, मैं आप की आज्ञा का पालन करूंगा और ज़रूर उसी के मुताबिक़ कहूंगा, परन्तु जैसा कि मैं ने शुरू में आप से निवेदन किया....

सभापति महोदय: आप इस क्लाज़ पर बेशक बोलिये ।

श्री झुनझुनवाला: मैं मैरेज क्लाज पर बोल रहा था ।

सभापति महोदय: मैरेज क्लाज पर नहीं, क्लाज ४ ज़ेर बहस है ।

Sardar B. S. Man: On a point of information. While discussing the present clause and while moving certain amendments to the effect that from its effect certain customs may be excluded, we have to place our case by showing that those customs should be excluded for valid reasons. In that case, I suppose we are entitled to refer to the customs that are at variance with the Hindu Code and thus base our case that customs which have a long history, which have been recognised as such and which are not repugnant to public policy and thus which have the force of law should be permitted. In that respect, I beg to say that it is perfectly within the rights of Members to refer to the customs even in detail.

Mr. Chairman: It has already been laid down that as far as particular customs are concerned, they might be taken up when the particular clauses are under discussion. So far as the relevancy about this general clause is concerned, you can discuss in a general way and say that such and such a custom is very old and it has been uniformly observed. You can say that much about the status of a custom, but if we were to take up all the customs and discuss them there will be no end to it. There are the relevant clauses and when they are taken up each particular custom can be discussed. That would be the better place. I do not bar this discussion. I am only requesting the hon. Member and suggesting to him that that would be the more proper place. Here, he can discuss in a general way.

श्री झुनझुनवाला: मैं उसी तरह से बोलूंगा । परन्तु यह जो चीज़ है जिस तरह से क्लाज २ पर बोलने का मौक़ा मुझे नहीं मिला और स्पीकर साहब की रूलिंग यह थी कि क्लाज २ पर जो बात है उसी तरह पर क्लाज ४ पर भी प्रायः सारी चीज़ को आप डिस्कस (discuss) कर सकते हैं । परन्तु केवल प्रापर्टी के क्लाज को नहीं डिस्कस कर सकते । डाइवोर्स और मैरेज की जो चीज है उस से क्या लाभ है, क्या हानि है उस को मैं आप के सामने रख रहा हूं । मैं समझता हूं मैं ने एक शब्द भी इस के बाहर का नहीं कहा । परन्तु मैं उसी तरह बोल रहा हूं जिस तरह से आप ने कहा है । अब जितना हो सकेगा उतना कम समय ले कर मैं इस बात को कहूंगा ।

अब मैं अपने संशोधन पर आऊंगा ।

बाबू रामनारायण सिंह: बहुत सुन्दर है ।

डा० अम्बेडकर: अब बैठ जाओ ।

श्री झुनझुनवाला: हां बैठ जाऊंगा, आप कृपा करके इस कोड को हटा लें और हिन्दुओं को इस से मुक्त कर दीजिये ।

डा० अम्बेडकर: अब बैठ जाओ ।

श्री झुनझुनवाला: आप चले जाइये, मैं भी बैठ जाऊंगा ।

डा० अम्बेडकर: अब बैठ जाओ, नहीं तो मैं चला जाऊंगा ?

श्री झुनझुनवाला: आप चले जाओ, तो मैं बैठ जाऊंगा ।

सभापति महोदय: मैं कहना चाहता हूं कि माननीय सदस्य अपने भाषण को वह शुरू करें ।

श्री झुनझुनवाला: मैं तो अपने भाषण पर आ रहा हूं, परन्तु ला मेम्बर साहब जो इतने रिस्पान्सिबल (Responsible) आदमी हैं वह अनावश्यक बातें कर रहे हैं । वह चाहते हैं कि किसी भी तरह से यह चीज़ टाक ओवर (Talk over) हो जाय । वह चाहते हैं कि किसी तरह से सरकार का पैसा खर्च हो, ये जानते हैं महिलाओं के कोई समान अधिकार की बात नहीं है सरकार का कुछ पैसा खर्च हो तो लोग यह तो जानेंगे कि ला मेम्बर कुछ कर रहे हैं ।

Mr. Chairman: May I request the hon. Member that he should proceed with his speech instead of answering these questions.

श्री झुनझुनवाला: मैं अदब के साथ आप की बात को मानता हूं । जब स्पीच के बीच में कोई रोकता है तो फिर दिक़त हो जाती है, जब लोग इन्टरप्ट (interrupt) करते हैं तो समय अधिक लग जाता है ।

डा० अम्बेडकर: यह तो आप के साथी हैं, घबराना नहीं ।

श्री झुनझुनवाला: साथी भी कभी छोड़ देते हैं । आप के ऐसे साथी मुझे बहुत मिले । जैसे आप महिलाओं के साथी बन रहे थे और उन्हें छोड़ दिया । सभापति जी, मैं तो अपना भाषण कर रहा हूं पर आनरेबिल मिनिस्टर बीच में बोलते हैं ।

Sardar B. S. Man: Will it not be discourteous to the hon. Law Minister to ignore the interruption and not to reply to it?

श्री झुनझुनवाला: दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जैसा कि क़िस्सा आप को पण्डित ठाकुर दास भार्गव ने बतलाया कि यदि इस प्रकार की चीज़ आये कि जिस से नुक़सान होता हो और कोई ख़राब काम कर रहा हो तो हम दूसरे से भी यह कह दें कि तू भी ऐसा ही कर । हम महिलाओं से कहें कि यदि पुरुष कोई अन्याय कर रहे हैं तो तुम भी यह अन्याय करो । यह कहां की बात है । यही चीज़ मैं आप को दिखला रहा हूं ।

दूसरी बात अब यह देखनी है कि यह चीज़ प्रोग्रेसिव है या नहीं । हमारे पूजनीय होम मिनिस्टर साहब, राजा जी, इस वक्त यहां नहीं हैं । उन्होंने प्रेस बिल (Press Bill) को सिलेक्ट कमेटी में रेफ़र (refer) करते समय एक बात कही थी । उन्होंने कहा था कि मेरे बारे में कोई एक लेख या कैरीकेचर (Caricature) (हम को याद नहीं है कि उन्होंने लेख कहा या कैरीकेचर) निकला था । उस को जो उन्होंने देखा तो वह उनको बहुत रिवोल्टिंग (revolting) मालूम हुआ और यह लगा कि यह तो बहुत ही अश्लील चीज़ है । और ऐसा क्यों किया गया उन को यह चीज़ बड़ी बुरी लगी । परन्तु उन्होंने कहा कि जब मैं आज कल के अख़बारों को देखता हूं तो वह तो कोई असलियत की बात ही नहीं थी जिस को कि मैं ने बुरा समझा । (कुछ आवाजें) । मेरे मित्र मुझ को इंटरप्ट करने की कोशिश कर रहे हैं ।

Mr. Chairman: If you address the Chair perhaps you will not feel that inconvenience.

श्री झुनझुनवाला : मैं इधर उधर देख कर बोलने का आदी हूं। तो उन्होंने कहा कि उस की कोई असलियत ही नहीं मालूम हुई । आजकल जो बातें और कैरीकेचर क़ाग़ज़ों में निकलते हैं उन के सामने तो वह चीज़ कोई अश्लील नहीं लगती । तो उन्होंने कहा कि मुझे बिना काम ही बुरा लग रहा था । जिन चीज़ों को हम नहीं देखना चाहते उन को अखबार हमारे बीच में लाते हैं और हमारे युवक और युवतियां उन को देखते हैं और उन के ऊपर क्या प्रभाव पड़ता होगा, भगवान् ही जाने । अब मैं उन से उस समय यह पूछना चाहता था कि जो चीज़ें आजकल अखबारों आदि में निकलती हैं क्या यह प्रोग्रेसिव हैं ? जिस को आप अश्लील समझते थे यह उस से ज्यादा अश्लील हैं तो क्या यह चीज़ प्रोग्रेसिव हैं और अगर प्रोग्रेसिव हैं तो क्या इन का हमारे लिए अच्छा परिणाम होता है । अस्तु मैं यह दिखलाना चाहता था कि हमारे विधि मन्त्री जी जो कि कलियुग के मनु हैं.....

श्री श्यामनन्दन सहाय : कलियुग के मनु नहीं कलियुगी मनु ।

श्री झुनझुनवाला : हमारा युग कलियुग है इसलिए मैं ने उन को कलियुग का मनु कहा । हमारे जो गाडगिल साहब हैं और जो अपने को भ्रष्ट ब्राहमण मानते हैं और अपने को पण्डित समझते हैं उन्होंने यह टाइटिल दिया है । तो मैं तो यही कहना चाहता था कि वह इस युग के मनु हैं । मैं यह जानना चाहता था कि इस प्रोग्रेसिव का मतलब हमारे समाज को ऊंचा ले जाना है या नीचा ले जाना है । अगर मेरे अमेंडमेंट पेश करने से पहले वह बतला देते कि जो जो चीजें उन्होंने अपने इस बिल में रखी हैं वह इस तरह से प्रोग्रेसिव हैं तो मेरी समझ में आ जाता उन्होंने तो केवल यह कह दिया कि प्रोग्रेसिव हैं और महिलाओं को समान अधिकार देने चाहियें । जिस चीज़ में उन्हें समान अधिकार की आवश्यकता थी जिस से कि उन का लाभ होता उसे देने से तो वह नट गये और अधिकार देते हैं डाइवोर्स करने का । तो जो चीज़ भी रखी गई है मैं आप को यह बतलाना चाहता हूं कि क्या सचमुच वह प्रोग्रेसिव है । वह कभी भी प्रोग्रेसिव नहीं हो सकती । यदि दूसरा कोई बुरा काम करता है और इसलिए मैं भी बुरा काम करूं तो यह तो कोई अच्छी बात नहीं है । करना तो यह चाहिये कि जो बुरा काम करता है उस के लिए ऐसा क़ानून लाना चाहिये कि उस को बुरा काम करने से रोका जा सके । न कि जो दूसरा है उस को भी कह दें कि वह जो करता है तू भी वैसा ही काम कर ।

सभापति जी, यह बातें मुझे इस क्लाज के बारे में कहनी थीं । अब मैं आप के सामने अपने संशोधन पेश करूंगा और उन संशोधनों पर अपने विचार सूक्ष्मता के साथ प्रकट करूंगा । मैं इसे पहले पढ़ कर सुना चुका हूं इसलिए अब नहीं पढ़ूंगा । इस में वक़्त लगेगा ।

श्री श्यामनन्दन सहाय : हम लोग समझेंगे कैसे और कैसे उस पर वोट देंगे ।

सभापति महोदय : पहले आप ने पढ़ दिया है ।

श्री झुनझुनवाला : जी हां, पढ़ दिया है ।

सभापति महोदय : तो अब दोबारा पढ़ने की आवश्यकता नहीं है ।

श्री श्यामनन्दन सहाय : हमें उस पर वोट देना है । आप पढ़ कर जरूर सुनाइये ।

श्री झुनझुनवाला: पहला मेरा अमेंडमेंट यह है कि कोई भी चीज़ इस कोड में ऐसी हो जो कि हिन्दू धर्म के, सिख धर्म के, जैन धर्म के, बुद्ध धर्म के और मर्मकतायम और अलियसंथानम जिस किसी के भी यदि यह विरुद्ध हो तो ऐसी हालत में यह उन पर लागू नहीं होगा ।

डाक्टर आम्बेडकर: खाली मारवाड़ियों पर लागू होगा ।

श्री झुनझुनवाला: अगर मारवाड़ियों पर लागू नहीं होता तो भी मैं नहीं बैठता, यह चीज़ समाज और देश के लिए घातक है ।

सभापति महोदय: आप आगे चलिये ।

श्री झुनझुनवाला: मिनिस्टर साहब हम को रोकते हैं और हर प्रकार का आक्षेप करते हैं । हमारे कांस्टीट्यूशन में बराबरी का अधिकार दिया गया है । आप हमें उन का जवाब देने का अधिकार क्यों नहीं देते ?

सभापति महोदय : उन से भी मैं कह रहा हूं कि वह दखल न दें । आप बोलिये ।

श्री झुनझुनवाला: आप उन की तरफ़ मुंह कर के कहिये ताकि वह भी सुनें ।

सभापति महोदय: मुझे यह आदत आप से हो गई है । मैं मिनिस्टर साहब से भी कहता हूं कि वह दखल न दें ।

श्री झुनझुनवाला: अब इस सम्बन्ध में मैं कांस्टीट्यूशन का आर्टिकल २५ चेयरमैन के सामने और मेम्बरों के सामने पढ़ कर सुनाना चाहता हूं । कृपा कर के आप लोग इसे ध्यान से सुनिये ।

"25. (1) Subject to public order, morality and health and to the other provisions of this Part, all persons are equally entitled to freedom of conscience and the right freely to profess, practice and propagate religion."

(2) Nothing in this article shall affect the operation of any existing law or prevent the State from making any law—

(a) regulating or restricting any economic, financial, political or other secular activity which may be associated with religious practice;"

बाबु रामनारायण सिंह: हिन्दी अनुवाद कर दीजिये ।

श्री झुनझुनवाला : आप इस के लिये एक मास्टर रख लीजिये । फिर यह है :

"(b) providing for social welfare and reform or the throwing open of Hindu religious institutions of a public character to all classes and sections of Hindus."

इस के बाद एकसप्लेनेशन (Explanation) है, उस की आवश्यकता नहीं है । तो मेरा सभापति महोदय से और सब सदस्यों से यह निवेदन है कि मैं ने यह संशोधन पेश किये हैं कि आप कोई भी बात में सुधार करें, तो हमारे धर्मशास्त्रों के सम्बन्ध में आप को किसी भी तरह से कोई बात करने का अधिकार नहीं है । परन्तु यदि कोई ऐसी चीज़ हो जो कि हमारे धर्मशास्त्र से कनफ्लिक्ट (Conflict) नहीं करती हो, हमारे धर्म से कनफ्लिक्ट नहीं करती हो, तो वैसी हालत में आप उस चीज़ को ला सकते हैं । तो मेरा संशोधन यह है कि जैसा कि इस में लिखा है कि :

"any text, rule, or interpretation of Hindu law, or any custom or usage or any other law in force immediately prior to the commencement of this Code shall cease to have effect as respects any of the matters dealt with in this Code."

"Any other law in force immediately before the commencement of this Code shall cease to have effect in so far as it is inconsistent with the provisions of this Code."

तो यह जो है इस में मेरा यही कहना है कि जो भी क़ानून बनाया है वह ठीक है, इस में मुझे कोई आपत्ति नहीं है । परन्तु यदि हमारे धर्म के विरुद्ध कोई ऐसी चीज़ हो तो जिस किसी भी धर्म के विरुद्ध हो, हिन्दू के, सिक्ख के, जैन के, तो उस पर वह लागू नहीं होगी ।

श्री नज़ीरुद्दीन अहमद: मुसलमान ?

